



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 324 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 26 अगस्त 2025 डाक 27 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी ग्रेटर नोएडा में एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती हुई





**देश-विदेश**
अशोक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ऑपरेशन सिंदूर पर किया था विवादित पोस्ट





**कोरिया पेज**
शव वाहन और मर्चुरी का लोकार्पण किया नगर पालिका अध्यक्ष अरूण ने




### पीएम मोदी ने किया गुजरात में ई-वि प्लांट का उद्घाटन

## ई-विटारा को दिखाई हरी झंडी 100 देशों में होगी एक्सपोर्ट



**नईदिल्ली 26 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी मंगलवार (26 अगस्त, 2025) को अपने गुजरात दौरे के दौरान मारुति सुजुकी की पहली इलेक्ट्रिक एसयूवी Maruti e Vitara को फ्लैग-ऑफ किया। इस मौके पर उन्होंने अहमदाबाद के हंसलपुर प्लांट में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड के लोकल प्रोडक्शन का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ई-विटारा को हरी झंडी दिखाने से पहले कहा है कि भारत की आत्मनिर्भरता और हरित गतिशीलता का केंद्र बनने की दिशा में यह एक विशेष दिन है। पीएम मोदी मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे हरी झंडी दिखाकर मारुति सुजुकी के पहले वैश्विक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी), ई-विटारा का 100 से अधिक देशों में निर्यात शुरू करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत की आत्मनिर्भरता और हरित गतिशीलता के केंद्र बनने की दिशा में आज एक विशेष दिन है। हंसलपुर में आयोजित कार्यक्रम में ई-विटारा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। यह बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन (बीईवी) भारत में निर्मित है और 100 से ज्यादा देशों को निर्यात किया जाएगा।

हमारे बैटरी इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए, गुजरात के एक संयंत्र में हाइब्रिड बैटरी इलेक्ट्रोड का उत्पादन भी शुरू होगा। हरित ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़े कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को ही गुजरात स्थित टीडीएस लिथियम-आयन बैटरी संयंत्र में भारत के बैटरी इकोसिस्टम के अगले चरण का भी उद्घाटन किया। तोशिबा, डेंसो और सुजुकी का संयुक्त उद्यम, यह संयंत्र घरेलू विनिर्माण और स्वच्छ ऊर्जा नवाचार को बढ़ावा देगा। इससे अब 80 प्रतिशत से अधिक बैटरी का निर्माण भारत में ही किया जाएगा।

## मणिपुर में उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा बलों की सफलता



**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने उग्रवाद-विरोधी अभियान तेज़ कर दिए हैं, जिसके परिणामस्वरूप कई समन्वित कार्रवाइयों में तीन उग्रवादियों को गिरफ़्तार किया गया और दो उग्रवादी शिविरों से युद्ध जैसे हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। ये अभियान उग्रवादी गतिविधियों में वृद्धि के बाद शुरू हुए हैं, जहाँ सुरक्षा बलों ने सोमवार को उग्रवादियों के ठिकानों को निशाना बनाया और पूरे क्षेत्र में उग्रवाद-रोधी उपाय किए। एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता, ओइनम सोमेनचंद्र सिंह (41), जिन्हें माचा, लंगम्बा या मोइरंगजाओ के नाम से भी जाना जाता है, को गिरफ्तार किया है। वह बिष्णुपुर जिले के थंगा करंग ममांग लेइकाई का रहने वाला है और वर्तमान में इम्फाल पश्चिम जिले के लंगोल टाइप-III में रहता है। उसे इम्फाल पश्चिम के लामसांग पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ताओथोंग खुनौ से गिरफ्तार किया गया। दूसरे अभियान में, सुरक्षा बलों ने पूर्वी इंफाल जिले के एंड्रो पुलिस स्टेशन के अंतर्गत हुईकाप माखा लेईकाई से प्रतिबंधित पीएलए के एक कैडर, फंजौबाम रामानंद सिंह (23), जिसे टाइगर पनम्बा के नाम से भी जाना जाता है, को गिरफ्तार किया। वह एंड्रो खारम लेईकाई का निवासी है। तीसरे अभियान में, सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित केसीपी (एमएफएल) से जुड़े थोंगम इंद्रजीत मेइतेई (33) को पूर्वी इंफाल जिले के लामलाई पुलिस स्टेशन के अंतर्गत ताखेल ममांग लेईकाई स्थित उसके इलाके से गिरफ्तार किया। तीनों घाटी क्षेत्र में दुकानों और आम जनता को निशाना बनाकर जबरन वसूली की गतिविधियाँ करते थे। उनके कब्जे से पुलिस ने एक पिस्तौल, एक मैगज़ीन और तीन मोबाइल फोन भी बरामद किए।

## यूपी में सामने आया छांगुर गैंग का दूसरा वर्जन, मदरसे में मतांतरण और विदेशी फंडिंग के दम पर पूरे देश में फैला नेटवर्क



**बरेली, 26 अगस्त [एजेंसी]।** छांगुर गैंग की तरह मतांतरण करने वाला एक गिरोह बरेली में भी पकड़ा गया है। इस गिरोह का सरगना अब्दुल मजीद एक मदरसे का संचालन करता है। पुलिस ने अब्दुल मजीद समेत गिरोह के अन्य सदस्य सलमान, आरिफ और फहीम को भी पकड़ लिया है। इस गिरोह ने पूरे देश में कई लोगों का मतांतरण कराया। इसमें से बरेली का एक पूरा परिवार व दो अन्य परिवारों के सदस्य शामिल हैं। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। छांगुर बाबा गैंग की सक्रियता के बाद बरेली पुलिस भी मतांतरण करने वाले गिरोह को लेकर सक्रिय हो गई थी।

सूचना के आधार पर भुता निवासी अब्दुल मजीद को पकड़ा गया। पूछताछ में सामने आया कि उसके गिरोह में सलमान आरिफ व फहीम के अलावा भी अन्य कई सदस्य भी शामिल हैं। यह गिरोह पूरे देश में लोगों का ब्रेनवाश कर उनका मतांतरण करता है। शहर में इन्होंने सुभाष नगर थाना क्षेत्र निवासी बृजपाल के पूरे परिवार का मतांतरण कर दिया। गिरोह ने बृजपाल का ब्रेनवाश किया और उसकी शादी एक मुस्लिम लड़की से करा दी। इसके बाद बृजपाल की बहन का निकाह भी एक मुस्लिम युवक से कराया।

### 'जब भी प्रेमानंद जी मुझसे मिलने आएंगे', रामभद्राचार्य ने दी सफाई, वीडियो में किया धीरेन्द्र शास्त्री का जिक्र



**चित्रकूट।** तुलसी पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने एक साक्षात्कार के बाद फैले आक्रोश को शांत करने के लिए आगे आए हैं। उन्होंने अपने एक वीडियो जारी कर कहा है कि विधर्मी शक्तियां सनातन धर्म को निर्बल बनाने के लिए तोड़ मरोड डालते हैं, संतों में भेद करते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को एक होकर हिंदू धर्म की रक्षा में तत्पर हो जाना चाहिए। जो मेरे लिए भ्रम फैलाया जा रहा है, गलत है। मैंने प्रेमानंद जी या किसी अन्य संत के लिए गलत टिप्पणी नहीं की है और न करूंगा। उन्होंने कहा कि अब जब भी प्रेमानंद जी मुझे मिलने आएंगे निश्चित आशीर्वाद दूंगा। उनको हृदय से लगाऊंगा और उनके स्वास्थ्य के लिए भगवान श्रीरामचंद्र जी से प्रार्थना भी करता हूं। उनके उत्तराधिकारी ने यह संदेश इंटरनेट मीडिया पर शेयर किया है।

## अगर शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें, रण संवाद में CDS अनिल चौहान का पाकिस्तान को संदेश

**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने मध्य प्रदेश में आर्मी वॉर कॉलेज में आयोजित प्रथम त्रि-सेवा संगोष्ठी, रण संवाद को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है, लेकिन वह शांतिवादी नहीं हो सकता। इस कार्यक्रम में अपना संबोधन देते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने युद्ध की तकनीकों और रणनीति के विश्लेषण पर अकादमिक गतिविधियों का भी आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान को भी सीधा संदेश दे दिया। सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि एक विकसित भारत के रूप में, हमें न केवल तकनीक में, बल्कि विचारों और व्यवहार में भी सशस्त्र, सुरक्षित और आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। इसलिए, हमारे समाज के सभी वर्गों में सैद्धांतिक और वैचारिक पहलुओं, यानी युद्ध कैसे लड़ा जाता है, इसकी अकादमिक खोज और व्यावहारिक तथा वास्तविक युद्ध तकनीकों और रणनीतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है इसके अलावा, ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है, लेकिन वह शांतिवादी नहीं हो सकता। सीडीएस ने कहा कि भारत हमेशा शांति के पक्ष में रहा है। हम एक शांतिप्रिय राष्ट्र हैं, लेकिन गलतफहमी में न रहें, हम शांतिवादी नहीं हो सकते। मेरा मानना है कि शक्ति के बिना शांति एक काल्पनिक कल्पना है। मैं एक लैटिन उद्धरण कहना चाहूंगा जिसका अनुवाद है, यदि आप शांति चाहते हैं, तो युद्ध के लिए तैयार रहें।

## आप नेता सौरभ भारद्वाज के घर समेत 13 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

### हॉस्पिटल कंस्ट्रक्शन मामले में हुआ एक्शन



**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज के घर पर छापेमारी की है। बताया गया कि एक अस्पताल निर्माण परियोजना में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में यह कार्रवाई की गई है। दिल्ली में अस्पतालों के निर्माण में कड़ोरों का घोटाला करने के मामले ने ईडी ने दिल्ली-एनसीआर में 13 जगहों पर छापेमारी की। जिन जगहों पर छापेमारी की उनमें आप के नेता सौरभ भारद्वाज के आवास, परियोजनाओं में शामिल ठेकेदार, बिचौलिए और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। इन्होंने टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित कर घोटाला किया था। इनके आवासीय परिसर और कार्यालयों में छापेमारी की गई। सरकारी पैसों के दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग के साक्ष्यों का पता लगाने के लिए यह कारवाई की गई। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने 26 जून को एलजी के निर्देश पर अस्पतालों के निर्माण में घोटाले को लेकर दिल्ली सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्रियों, निजी ठेकेदारों और अज्ञात सरकारी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी।

सौरभ भारद्वाज के घर पर ईडी की छापेमारी को लेकर आम आदमी पार्टी का पहला बयान सामने आया है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि पीएम मोदी की डिग्री से ध्यान भटकाने के लिए सौरभ के यहां रेड हुई। उन्होंने कहा कि जिस समय का ये केस है, तब सौरभ भारद्वाज मंत्री ही नहीं थे। ये पूरा केस ही झूठा है। मनीष सिसोदिया ने कहा कि सतेंद्र जैन के केस से साफ है कि आप नेताओं पर झूठे केस हुए हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी जापान यात्रा से और मजबूत होंगे भारत-जापान संबंध: सीएम साय



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जापान प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की आगामी यात्रा और ओसाका में आयोजित वर्ल्ड एक्सपो 2025 में छत्तीसगढ़ की सहभागिता पर कहा कि हमारे देश के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुत जल्द जापान आ रहे हैं। भारत और जापान की मित्रता ऐतिहासिक और गहरी है। उनके इस दौरे से यह संबंध और भी मजबूत होंगे और हमारे देश को अनेक लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी की यात्रा भारत और जापान के बीच तकनीकी, औद्योगिक और सांस्कृतिक सहयोग को और प्रगाढ़ बनाएगी। इससे दोनों देशों की जनता को लाभ होगा और साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा। ओसाका में वर्ल्ड एक्सपो 2025 के संदर्भ में मुख्यमंत्री साय ने कहा कि कल हमने छत्तीसगढ़ को समर्पित सप्ताह का शुभारंभ किया है। यह वर्ल्ड एक्सपो भारत की संस्कृति को विश्व के सामने प्रस्तुत करने का एक बड़ा प्रयास है। छत्तीसगढ़ का सप्ताह न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए लाभकारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर और औद्योगिक प्रगति को वैश्विक स्तर पर पहचान मिलेगी। इससे निवेश और सहयोग के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री साय ने विश्वास व्यक्त किया कि जापान यात्रा और ओसाका एक्सपो में छत्तीसगढ़ की सक्रिय भागीदारी प्रदेश और देश दोनों के लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगी।

## हिमाचल-उत्तराखंड में भारी बारिश से तबाही, यूपी-बिहार में भी आफत

**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**



देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार की सुबह बारिश ने दस्तक दी। भारतीय मौसम विभागने चेतावनी दी है कि 26 अगस्त को दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश का सिलसिला जारी रहेगा। मौसम विभाग का कहना है कि अगले चार से पांच दिन तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी रहेगी। वहीं, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार बारिश ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। भारी बारिश के चलते भूस्खलन और बाढ़ ने तबाही मचा दी है। हिमाचल में मणिमहेश यात्रा पर गए तीन तीर्थयात्रियों की ऑक्सीजन की कमी से मौत हो गई, जबकि सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं।

हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से आने वाली नदियों के उफान ने पंजाब के कई जिलों में बाढ़ की स्थिति पैदा कर दी है। भारी बारिश के कारण हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में कई अहम सड़कें और हाईवे भूस्खलन की वजह से बंद हैं। मौसम विभाग ने मंगलवार को इन राज्यों के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल के चंबा जिले में रेड अलर्ट लागू है, जबकि चंडीगढ़-मनाली हाईवे कई जगहों पर ठप पड़ा है। वहीं हडसर और डल के बीच रास्ते में करीब 800 तीर्थयात्री फंसे हुए हैं।

## उदयपुर में दर्दनाक हादसा, उफनते नाले में कार गिरने से पांच लोग लापता, दो के शव बरामद



**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

राजस्थान के उदयपुर में भयानक हादसा हो गया। दरअसल खेरवाड़ा इलाके में एक कार नाले में गिर गई। इसमें पांच लोग सवार थे। दो लोग बच गए, जबकि तीन लापता हैं। देर रात दो लापता लोगों के शव बरामद हुए। खेरवाड़ा के थानाधिकारी दलपत सिंह ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा, ये हादसा खेरवाड़ा इलाके में हुई है। कार में कुल पांच लोग सवार थे। दो लोग बच गए थे लेकिन बाकी तीन लोग नाले में लापता हो गए थे। इसके बाद छानबीन के बाद दो लापता लोगों का शव मिला है जबकि एक लापता शख्स अब भी नहीं ढूंढा जा सका है। घटना के बाद उदयपुर सिविल डिफेंस से कार को रेस्क्यू कर लिया है।

## बाबा सिद्दीकी की तरह जान से मार देंगे मुंबई के व्यवसायी को मिली धमकी



**मुंबई।** मुंबई के एक रसायन और पेट्रोकेमिकल आयातक व्यवसायी को अंडरवर्ल्ड से जुड़ी धमकियों और करोड़ों रुपए की फिरौती मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। कारोबारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसे पाकिस्तान से फोन कर धमकाया गया है और धमकी देने वालों ने खुद को कुख्यात गैंगस्टर छोटा शकील गिरोह से जुड़ा बताया। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता व्यवसायी का कार्यालय फोर्ट और दुबई दोनों जगह है। उसने वर्ष 2015 में ईरान से तेल आयात किया था। उस समय अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगा रखे थे, जिसके चलते भुगतान कारोबारी ने दुबई के माध्यम से किया। बाद में ईरानी सप्लायर कंपनी ने आरोप लगाया कि कुछ खेपों का भुगतान नहीं हुआ और ईरान में मध्यस्थता की प्रक्रिया शुरू कर दी।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## भारत पर लगेगा 50 फीसदी टैरिफ, अमेरिका ने जारी किया नोटिफिकेशन, कल से होगा लागू

**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**




अमेरिका ने भारत से आयात होने वाले सामान पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने की योजना का ऐलान कर दिया है। यह वही टैरिफ है जिसकी घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले कर चुके हैं। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी विभाग ने एक ड्राफ्ट नोटिस जारी कर इसकी रूपरेखा पेश की। यह कदम तब उठाया जा रहा है, जब रूस और यूक्रेन के बीच शांति समझौते की कोशिशें ठप पड़ती नजर आ रही हैं।नोटिस में साफ कहा गया है कि यह बढ़ा हुआ टैरिफ भारत के उन उत्पादों पर लागू होगा, जो 27 अगस्त, 2025 को सुबह 12.01 बजे (पूर्वी डेलाइट समय) के बाद खपत के लिए आयात किए जाएंगे या गोदाम से निकाले जाएंगे।ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में भारत के सामान पर टैरिफ को 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की घोषणा की थी, जो रूस से तेल खरीदने के कारण लगाया जा रहा है। अमेरिका की यह समयसीमा 27 अगस्त को खत्म हो रही है। अमेरिका का मकसद इस टैरिफ के जरिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बनाना है, ताकि वह यूक्रेन के खिलाफ चल रही जंग को खत्म करने के लिए बातचीत की मेज पर आएं। अमेरिका रूस के तेल व्यापार को रोकने की कोशिश में है और भारत पर यह टैरिफ उसी रणनीति का हिस्सा है। लेकिन भारत ने इन तथाकथित सेकेंडरी टैरिफ को अन्यायपूर्ण ठहराया है और अपने हितों की मजबूती से हिफाजत करने का ऐलान किया है।

भारतीय सरकार ने साफ कर दिया है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों से कोई समझौता नहीं करेगी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को भारत के ऊर्जा विकल्पों का पुरजोर बचाव किया। उन्होंने कहा कि भारत को रूस से तेल खरीदने के लिए निशाना बनाया जा रहा है, जबकि चीन और यूरोपीय देशों जैसे बड़े आयातकों पर ऐसी कोई आलोचना नहीं की गई। जयशंकर ने इसे तेल विवाद के रूप में गलत तरीके से पेश करने की बात कही और भारत की रणनीतिक स्वायत्तता पर जोर दिया।

# नहीं बुझेगी साठ साल पुराने इस विद्यालय में शिक्षा की ज्योति, रिक्त पद पर शिक्षक की हुई नियुक्ति

### युक्ति युक्तकरण से विद्यालय को मिला शिक्षक, विद्यार्थियों की पढ़ाई हुई आसान



कोरबा । इस गाँव के पाठशाला की दीवारे बदल गई है। छत भी बदल गया है लेकिन पाली ब्लाक के अंतर्गत ग्राम परसदा का पाठशाला जिस जगह पर लगता था आज भी वही लगता है। बीते छह दशक से भी ज्यादा पुराने इस विद्यालय में शिक्षा की ज्योति अनवरत जल रही है। समय के साथ पदोन्नति के बाद विद्यालय में जब पद रिक्त हुए तो विद्यार्थियों के लिए बड़ी मुसीबत आन पड़ी थी, लेकिन छत्तीसगढ़ की सरकार ने विद्यार्थियों की भविष्य को बेहतर बनाने के लिए स्कूल खुलने से पहले युक्ति युक्तकरण की जो प्रक्रिया अपनाई उससे वर्षो से रिक्त पड़े पदों पर नियमित शिक्षको की नियुक्ति सम्भव हो पाई।

पाली ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम परसदा के प्राथमिक शाला की पहचान बहुत पुरानी है। वर्ष 1964 से संचालित इस गाँव के स्कूल में पढ़ाई कर बहुत से विद्यार्थियों ने अपना बेहतर भविष्य बनाया। समय के साथ विद्यालय के जर्जर भवन को संवारकर ठीक किया गया। विद्यालय में वर्षो से शिक्षक के पद खाली थे। जिससे यहाँ पढ़ाई करने वाले 46 विद्यार्थियों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस सत्र में राज्य शासन द्वारा की गई युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया से विद्यालय को नियमित शिक्षक मिल गया है। यहाँ शिक्षक के रूप में श्री रूपेश कश्यप की नियुक्ति हुई है। कक्षा में विद्यार्थियों को पढ़ाई कराते हुए शिक्षक रूपेश कश्यप ने बताया कि वे युक्ति युक्तकरण की प्रक्रिया के बाद इस विद्यालय में पदस्थ हुए हैं और खुश भी है। उन्होंने बताया कि हमारे गाँव का यह विद्यालय बहुत पुराना है और यहाँ से पढ़ाई कर बहुत से लोग शिक्षित हुए। विद्यालय में प्रधान पाठक की जिम्मेदारी श्री जी डी बंजारे सम्हाल रहे हैं। विद्यालय में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों अभिषेक राजपूत, नीतेश और अनुराग राजपूत सहित छात्रा हिना,अनामिका,आदिति, दीपल सभी खुश है।

वे बताते हैं कि गुरुजी के आ जाने से अब हमारा क्लास नियमित लगता है। वे हमें पुस्तक पढ़ाने के साथ खेल भी खिलाते हैं। विद्यार्थियों ने बताया कि स्कूल में गुरुजी की कमी कई वर्ष से बनी हुई थी। अब नए गुरुजी के आ जाने से हमें भी बढ़िया लगता है। इसी तरह ग्राम परसदा के लाइनपारा में 34 विद्यार्थी दर्ज है। यहाँ शिक्षिका श्रीमती नेमी जायसवाल युक्ति युक्तकरण से पदस्थ हुई है। एकल शिक्षकीय इस विद्यालय में पढ़ने वाली मानसी और पायल तथा पुनिशा ने बताया कि मैडम के आने के बाद नियमित कक्षा लगती है। विद्यालय के प्रधानपाठक श्री नोहर प्रसाद साहू ने बताया कि युक्ति युक्तकरण से शिक्षिका के आने से विद्यार्थियों के साथ ही उन्हें भी सहूलियत हुई है।

## चिकनीपाली एवं छिन्दपुर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवा को किया बेहतर, मिला एनक्यूएस

कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए करतला विकासखण्ड के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली एवं कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र (एनक्यूएएस) प्राप्त हुआ है।भारत सरकार राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली में दिनांक 30 एवं 31 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली के 6 विभागों में दी रही सुविधाओं तथा उनके रखरखाव की गुणवत्ता का मानकों पर निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त मानदंडों पर 87.93 प्रतिशत अंकों के साथ संस्था द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप घोषित कर प्रमाण पत्र दिया गया तथा कटघोरा विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर में दिनांक 15 जुलाई को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर के 7 अनिवार्य सेवा पेकेज में दी रही सुविधाओं तथा उनके रखरखाव की गुणवत्ता का मानकों पर वर्चुअल निरीक्षण किया गया जिसमें समस्त मानदंडों पर 86.86 प्रतिशत अंकों के साथ राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र दिया गया।कलेक्टर श्री अजीत वसंत, तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर) चिकनीपाली तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर करतला एवं कटघोरा/विकासखण्ड की खण्ड चिकित्सा अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिकनीपाली, उप स्वास्थ्य केन्द्र छिन्दपुर के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों तथा जिला स्तरीय टीम को बधाई दी है।

## पटाखा लायसेंस हेतु ऑनलाइन आवेदन 01 सितंबर से

कोरबा । दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु इच्छुक आवेदकों से 01 सितंबर से 12 सितंबर तक आवेदन एलएसडीए माडुल (ऑनलाइन) के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार अस्थाई पटाखा लायसेंस बनवाने हेतु ऑनलाइन आवेदन पश्चात ऑनलाइन की पावती सहित आवेदक को आवेदन के साथ साईट मैप, जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र और स्वयं का पासपोर्ट आकार का कलर फोटो दो नग एवं फोटो युक्त परिचय पत्र सहित दस्तावेज 02 प्रतियों में कलेक्टर कार्यालय कोरबा के लायसेंस शाखा में जमा कराना अनिवार्य है।



## जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी पहुंचे जश्न रिसोर्ट, पंडित विजय शंकर मेहता से लिया आशीर्वाद

कोरबा। पितृमोक्षार्थ गयाश्राद्धांतर्गत मातनहेलिया परिवार द्वारा जश्न रिसोर्ट कोरबा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल मोदी कथा स्थल पहुंचे और आज के प्रसहन कपिल गीता, शिव सती चरित्र एवं भरत चरित्र कथा का श्रवण किया और कथा समाप्ति के बाद वे कथावाचक पंडित विजय शंकर मेहता से आशीर्वाद लिया। जिला चेम्बर ऑफ कामर्स, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष तथा भाजपा नेता रामसिंह अग्रवाल ने भी कथा का श्रवण किया और पंडित श्री मेहता से आशीर्वाद लिया। श्री मोदी के साथ मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, रमाकांत साहू, अजय चंद्रा, लक्कीनंदा सहित अन्य भाजपा नेता भी शामिल थे। श्री मोदी ने कहा कि पंडित विजय शंकर मेहता के श्रीमुख से निकले एक-एक शब्द में जीवन का यथार्थ दिखा और कथा सुनने से मन में अद्भुत शांति की प्राप्ति हुई।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समय निकालकर कथा सुनने अवश्य पहुंचे, क्योंकि यहां आपको सुखद जीवन के लिए जीवन प्रबंधन की कला भी सिखने को मिलेंगे।

# शराब दुकानों में पूर्णत : कैशलेश व्यवस्था शीघ्र स्थापित होगी

0 आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने दिए निर्देश

0 विभागीय काम-काज की समीक्षा की

कोरबा। प्रदेश के वाणिज्यिक कर (आबकारी) मंत्री लखन लाल देवांगन ने सोमवार को मंत्रालय महानदी भवन में आबकारी विभाग के काम-काज की समीक्षा की। बैठक में मंदिरा दुकानों की व्यवस्था सहित लायसेंस व्यवस्था, मार्केटिंग कार्पोरेशन, विभागीय संरचना प्रदेश में बार-क्लब की जानकारी, मंदिरा की गुणवत्ता सहित आबकारी राजस्व के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई।

वाणिज्य कर आबकारी विभाग की सचिव श्रीमती आर.शंगीता ने विभागीय गतिविधियों का प्रस्तुतिकरण के जरिए विस्तार से जानकारी दी। बैठक में छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड, छत्तीसगढ़ स्टेट बेवरेजेस कॉरपोरेशन सहित आबकारी विभाग के अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। केबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने होटल एवं ढाबों, फॉर्म हाउस में मंदिरा की अवैध बिक्री, सेवन न हो इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए।.इसके आलावा उन्होंने मुख्यमंत्री के मंशा के अनुरूप मदिरा दुकानों में सीसी टीवी कैमरा स्थापित कर मुख्यालय से 24 घंटे सतत निगरानी के निर्देश दिए। मदिरा दुकानों में 100 फीसदी कैशलैस सिस्टम लागू करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में आबकारी मंत्री श्री देवांगन ने विभागीय गतिविधियों की समीक्षा एवं राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु कार्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अवैध मदिरा एवं मादक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए और अंतर्राज्यीय सीमाओं पर स्थित आबकारी जांच चौकियों में सतर्कता बढ़ाने और विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया ग

## हाथी उन्मूलन पर हो रहा जमकर खर्च, नतीजे सिफर

कोरबा। कटघोरा वन मंडल में 52 हाथी दो झूंड में घूम रहे हैं। पसान से केंदई रेंज के सिरमीना पहुंचे 44 हाथी साल्ही पहाड़ पहुंच गए हैं । हाथियों ने 15 किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है । इधर जटगा रेंज में घूम रहे 8 हाथी पसान रेंज चले गए हैं। दोनों हाथियों के झूंड की निगरानी वन विभाग की टीम कर रही है। हाथियों का सबसे पसंदीदा जगह साल्ही पहाड़ है । यहां पर हाथियों को भोजन के साथ पानी भी पर्याप्त मिलता है। इसकी वजह से लंबे समय तक यहां रुकते हैं। झूंड में बच्चे होने के कारण गांव के आसपास नहीं जाते हैं । जटगा रेंज में लंबे समय से घूम रहे 8 हाथी पसान रेंज पहुंचने से ग्रामीण डरे हुए हैं। रेंजर अभिषेक दुबे ने बताया कि हाथी अभी धान की फसल को ही अधिक नुकसान हो रहे हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

कोरबा । जैन श्रीसंघ कोरबा एवं महावीर मंच नगरी के सौजन्य से सरस्वती शिशु मंदिर के 170 विद्यार्थियों को मांसाहार का त्याग करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक विद्यार्थी को 2-2 कॉपी एवं बिस्किट भेंट किए गए। शिशु मंदिर के आचार्य भाई एवं बहनों को भी पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

जैन भवन कोरबा में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जैन श्रीसंघ कोरबा के अध्यक्ष मूलचंद कोटड़िया, प्रकाश बैद, संरक्षक जसराज जैन, योगेश जैन एवं निर्मल जैन उपस्थित रहे। समता प्रचार संघ से पधारे स्वाध्यायी मूलचंद सेठिया एवं वीरेन्द्र पुगलिया ने विद्यार्थियों को मांसाहार त्याग, व्यसन मुक्ति एवं संस्कार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सरल एवं रोचक शब्दों में मार्गदर्शन दिया। चित्रक एवं आपसी संवाद के माध्यम से बच्चों ने इन विषयों में गहरी रुचि दिखाई।

वीरेन्द्र पुगलिया ने बच्चों के अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि जब ये विद्यार्थी भवन में प्रवेश करते हुए अपने पदवेश को कतारबद्ध रख रहे थे, तभी यह स्पष्ट हो गया कि ये बच्चे सरस्वती शिशु मंदिर से आए हैं। मूलचंद सेठिया ने कहानी एवं छोटे-छोटे उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि मांसाहार केवल वही प्राणी करते हैं जिनके नुकीले दांत होते हैं और जो जीभ से पानी पीते हैं। मांस खाने से जानवरों में पाई जाने वाली बीमारियाँ मनुष्य में प्रवेश कर जाती हैं।

उक्त कार्यक्रम में शिशु मंदिर के आचार्य शशिकांत पटवा, छतराम माली, श्रीमती ममता सिंह, संतोष यादव, रमाकांत यादव सहित स्टाफ सदस्य एवं श्रावक बंधु उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जैन श्रीसंघ कोरबा के उपाध्यक्ष योगेश जैन ने किया तथा सरस्वती शिशु मंदिर के आचार्यगण, स्वाध्यायी भाईयों, श्रावक बंधुओं एवं महावीर मंच नगरी का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह संकल्प आगामी वर्षों में भी बच्चों को संस्कारित एवं प्रेरित करता रहेगा।

# पत्तों के कसैलेपन से प्राकृतिक दवा तैयार कर जोगीपाली के किसानों ने रासायनिक खाद के मामले में खुद को बना लिया आत्मनिर्भर

कोरबा । जिले में करतला ब्लॉक के जोगीपाली निवासी 65 वर्षीय किसान बूंदराम मांझी 3 साल से प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इससे रासायनिक खाद और रासायनिक दवा की निर्भरता समाप्त हो गई है। बूंदराम कड़वे पत्तों से खुद घर में ही दवा तैयार करते हैं।पैदावार उतनी ही हो रही है, जितनी रासायनिक खाद डालने से होती थी, जबकि लागत 75 प्रतिशत तक कम हो गई है। इसे देखकर आसपास के 361 किसान भी रासायनिक छोड़कर प्राकृतिक खेती करने के लिए आगे आए हैं।जोगीपाली निवासी 65 वर्षीय किसान बूंदराम मांझी की तस्वीर है।जोगीपाली निवासी 65 वर्षीय किसान बूंदराम मांझी की तस्वीर है।पांचवीं तक पढ़े बूंदराम ने बताया, वर्तमान समय में खाद और बीज के लिए भारी मारामारी रहती है। समय पर खाद नहीं मिले तो फसल पर खराब असर पड़ता है। मेरे पास 4 एकड़ जमीन है, जिसमें मैं धान के साथ ही दलहन व तिलहन की फसल लेता हूं।पूर्वज परंपरागत खेती करते थे और गोबर खाद ही डालते थे। लेकिन बाद में यूरिया और डीएपी के बिना खेती संभव नहीं हो पा रही थी। इससे खेती में लागत बढ़ रही थी। इस क्षेत्र में नाबार्ड का प्रोजेक्ट भी चलता है। वहां जैविक खेती और खुद ही खाद-दवा तैयार करने के बारे में बताया जाता था। लेकिन रासायनिक खाद के बिना उचित पैदावार लेना चुनौतीपूर्ण रहता है। इसलिए मैंने प्राकृतिक खेती को चुना।बूंदराम ने बताया, पहले खाद बनाना सीखा। एक ड्रम लेकर 200 लीटर पानी, 10 किलो गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो गुड़, 2 किलो बेसन और 1 किलो मिट्टी डालकर एक सप्ताह तक छोड़ दिया। खाद तैयार होने पर तीन बार छिड़काव किया। धान के साथ सब्जी की खेती में भी इसका उपयोग किया।इससे खेत में हरियाली बढ़ गई। पौधे मजबूत होने से बीमारियां भी नहीं लगी। इसके बाद मैंने दवा के लिए 5 प्रकार के कड़वे पत्ते इकट्ठे किए। नीम, करंज, पपीता, सीताफल के पत्तों को पकाने के बाद 3-4 दिन छोड़ दिया। उसके बाद खेत में छिड़काव किया। इससे कीड़े नहीं लगे।बूंदराम मांझी को देखकर 361 किसान भी रासायनिक छोड़कर प्राकृतिक खेती करने के लिए आगे आए हैं।बूंदराम मांझी को देखकर



361 किसान भी रासायनिक छोड़कर प्राकृतिक खेती करने के लिए आगे आए हैं।पहले एकड़ में 15 हजार रुपए तक लागत आई थी, वह अब 2 से 3 हजार तक आ गई है। सिर्फ गुड़ और बेसन खरीदना पड़ता है। गोबर और गोमूत्र घर में ही मिल जाता है। जब धान की कटाई हुई तो पैदावार में भी कोई अंतर नहीं दिखा। बल्कि मिट्टी की उपजाऊ क्षमता बढ़ने से अब पैदावार बढ़ने लगी है।रासायनिक खाद के लिए अब मुझे किसी तरह का लोन लेने या समितियों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ती। बाड़ी में लगे आम के पौधों में भी यही दवा डालता हूं।आप भी किसान हैं और खेती में ऐसे नवाचार किए हैं जो सभी किसान भाइयों के लिए उपयोगी हैं, तो डिटेल व फोटो-वीडियो हमें अपने नाम-पते के साथ 9340931331 पर सिर्फ वॉट्सएप करें। ध्यान रखें, ये नवाचार किसी भी मीडिया में न आए हों।

## जिला स्तरीय आयुष मेला का किया गया आयोजन

कोरबा। आज जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला राम-जानकी मंदिर परिसर बुधवारी रोड कोरबा में जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. उदय शर्मा के नेतृत्व में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर नगर पालिक निगम कोरबा, अध्यक्षता डॉ. पवन कुमार सिंह, अध्यक्ष जिला पंचायत कोरबा में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कलेक्टर श्री अजीत वसंत, ए.डी.एम. श्री अनुपम तिवारी, श्री नरेन्द्र देवांगन पार्षद कोहड़िया वार्ड जिसने श्री लखन लाल देवांगन मंत्री, वाणिज्य उद्योग श्रम एवं आबकारी विभाग के प्रतिनिधि के रूप में आयुष मेला में शामिल हुए। राजपूत क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष श्री ठाकुर अवधेश सिंह, श्री पदमसिंह चंदेल पंच ग्राम पंचायत गोढ़ी राजपूत समाज के पदाधिकारी श्री विजय सिंह, श्री दिनेश सिंह, श्री छन्नु सिंह, श्री जितेन्द्र सिंह, श्री प्रमेश चंदेल, श्री सुरेन्द्र बहादुर सिंह, श्री आर. के. सिंह, श्री राज सिंह के आतिथ्य में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। इस आयुष स्वास्थ्य मेला में कुल 1235 मरीजों का सफल उपचार किया गया। जिसमें 830 मरीजों का उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति तथा 405 मरीजों का होम्योपैथी पद्धति से उपचार किया गया। मंच का संचालन डॉ. राजकुमार एवं डॉ. अमित कुमार जाटवर द्वारा किया गया।मुख्य अतिथि श्रीमती संजू देवी राजपूत, महापौर नगर पालिक निगम कोरबा ने अपने उद्बोधन में आयुष पद्धति से उपचार के महत्व एवं उपयोगिता को बताया। उन्होनें अपने उद्बोधन में आयुष एक कारगार एवं बीमारी को जड़ से निवारण हेतु उपचार का एक तरीका बताया तथा उपस्थित सभी हितग्राहियों को आयुष के प्रति आस्था एवं जागरूकता के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. पवन कुमार सिंह ने आयुष के बढ़ावा के लिए शासन हर संभव प्रयास की बात कही। श्री नरेन्द्र देवांगन द्वारा माननीय मंत्री महोदय श्री लखन लाल देवांगन के दिये संदेश को बताया एवं जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजन के प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्री अजीत वसंत, ए.डी.एम. श्री अनुपम तिवारी एवं समस्त उपस्थित अतिथि के साथ आयुष द्वारा संचालित स्टॉल औषधि प्रदर्शनीय, छत्तीसगढ़ के प्रचलित 36 औषधियुक्त पौधों का प्रदर्शन किया गया। मेला के दौरान जरूरतमंद मरीजों को पंचकर्म चिकित्सा, एक्युप्रेशर, एक्युपंचर, नेचरोपैथी एवं वातसंबंधी रोगों के मरीजों को उपयोगी योग चिकित्सा द्वारा उपचारित किया गया। मरीजों को मधुमेह, उच्चरक्त चाप, मोटापा, माइग्रेन, सरवाईकल स्पोन्डेलोसिस, सियाटिका से बचाव हेतु योगासान सिखाया गया। शहर के प्रसिद्ध नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. जे.के. दानी द्वारा नि:शुल्क नेत्र परीक्षण किया गया। 28 मरीजों का गुदारोग जैसे- बवासीर, भगंदर एवं अन्य बीमारियों हेतु आवश्यक जांच की गई एवं 08 मरीजों को शल्यक्रिया एवं आवश्यक उपचार हेतु आयुषविंग जिला अस्पताल रिफर किया गया एवं आयुष मेला के दौरान सभी हितग्राहियों को आयुष अमृत काढ़ा वितरित किया गया।

# मिशन रोड से भव्य कलश यात्रा निकाली गई भागवत कथा से पहले



कोरबा। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ रविवार सुबह भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा मिशन रोड स्थित श्री श्याम मंदिर से शुरू होकर कथा स्थल जश्न रिसोर्ट पहुंची, जिसमें सिर पर भागवत ग्रंथ रखे यजमान के साथ बड़ी संख्या में कलश लेकर महिलाएं चल रही थीं।बैंड-बाजे के साथ उत्साह से निकली शोभायात्रा कथा स्थल पहुंचकर पूरी हुई, जहां व्यास पीठ पर कथा वाचक व जीवन प्रबंधन गुरु पं. विजय शंकर मेहता के सानिध्य में कथा शुरू की गई है। कथा वाचक पं. मेहता का पूरे रास्ते पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया। व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत गीता की पूजा-अर्चना के बाद स्थापित की गई। व्यासपीठ और कथा व्यास की पूजन के बाद पं. मेहता ने कथा महात्म्य के साथ भगवत गीता में छिपे जीवन के गुणों से अवगत कराया। मातनहेलिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के प्रथम दिन पंडित विजय शंकर मेहता ने कहा कि भगवत गीता वह ग्रंथ है, जिसमें जीवन का हर गुण छिपा हुआ है।भगवत कथा सुनने से न पाप धुलता है और ना ही पुण्य मिलता है, वरन हमारा आज सुधरता है। पाप-पुण्य तो कर्म पर आधारित होते हैं। हम जैसा कर्म करेंगे, वैसा ही पाप और पुण्य मिलेगा। उन्होंने प्रथम दिन भागवत गीता का जीवन में महत्व प्रहसन पर जीवन प्रबंधन के टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि भगवत कथा सुनने से पहले प्रत्येक श्रोता को इन 5 बातों को करना आवश्यक है। भरोसा से कथा सुनें, कथा सुनने की ललक हो, शिकायत चित्त को विराम दीजिए, मौन रहें और संकल्प लें। भागवत कथा सुनने से जीवन में बदलाव दिखना चाहिए, यही कथा की सार्थकता है। पहले दिन बड़ी संख्या में श्रोता शामिल हुए। 25 अगस्त को कपिल गीता, शिव-सती चरित्र व भरत चरित्र पर संगीतमय व्याख्यान पं. मेहता सुनाएंगे।

# रीवा एक्सप्रेस अब रायपुर से चलेगी रेल समिति ने नई ट्रेन की मांग की



कोरबा। बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्स. को कोरबा तक विस्तार करने की लगातार मांग यहां से होती रही है। इसका समर्थन यहां के जनप्रतिनिधियों ने भी किया लेकिन उसका कोई असर रेल प्रशासन पर नहीं हुआ। लेकिन इसका फायदा रायपुर के लोगों को जरूर होने वाला है। क्योंकि वहां के जनप्रतिनिधियों ने रीवा एक्सप्रेस को रायपुर से चलाने के लिए दबाव बना चुके हैं, और इसका फायदा भी उन्हें मिलने वाला है।

इससे आगे भी कटनी रूट पर ट्रेन सेवा से वंचित रहना होगा दोनों दिशाओं के यात्रियों को। उक्त ट्रेन के विस्तार का लाभ नहीं मिलने से रेल संघर्ष समिति कोरबा द्वारा दक्षिण पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक व रीवा मंडल के डीआरएम से नई ट्रेन के लिए मांग पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि अगर उनकी मांग को रेल प्रशासन तवज्जो देता है तो कोरबा (उर्जाधानी) के लोग छत्तीसगढ़ के प्रमुख शहर न्यायधानी बिलासपुर, राजधानी रायपुर व इस्पात नगरी भिलाई-दुर्ग से सीधे जुड़ जाएंगे।

कोरबा के लोगों के लिए स्थाई समाधान के रूप में रीवा-कोरबा-रीवा सुपरफास्ट एक्सप्रेस नामक नई ट्रेन हो सकती है। इस ट्रेन का परिचालन समय रीवा से शाम 19.15 बजे करना होगा। इससे कर्मचारियों, व्यापारियों, छात्रों के साथ सामान्य यात्रियों को उसका बेहतर लाभ होगा। इसी तरह कोरबा से यह गाड़ी अगले दिन रीवा के लिए रवाना होगी। ऐसा करने से दोनों दिशाओं के साथ बीच के यात्रियों को फायदा होगा और रेलवे को टिकट बिक्री से एक बड़ा राजस्व मिलेगा।

कटनी रूट का दर्द आगे भी बनेगा रहेगा = अग्रवाल

रेल संघर्ष समिति के संयोजक रामकिशन अग्रवाल ने कहा कि उनकी प्रमुख मांग रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस को कोरबा से चलाने की है। जिस पर रेलवे प्रशासन मौन साधे हुए है। जिसके कारण कटनी रूट पर रेल सेवा से वंचित रहने का दर्द आगे भी बनेगा। लेकिन उनकी नई मांग कोरबा-रीवा-कोरबा सुपरफास्ट एक्सप्रेस पर रेल प्रशासन अगर गंभीरता के विचार करता है तो उसका सर्वाधिक यहां के लोगों को होगा।

रेल संघर्ष समिति के सक्रिय सदस्य मनोज अग्रवाल, अंकित सावलानी ने बताया कि कोरबा के लोगों को कटनी रूट पर सीधी ट्रेन मिले इसके लिए कई मांग पत्र अधिकारियों को दिया गया है। जिसमें बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस का कोरबा तक विस्तार, कोरबा से बीकानेर के लिए नई ट्रेन, कटनी से कोरबा से बीच फास्ट पैसेंजर ट्रेन चलाने के लिए आग्रह किया जा चुका है। लेकिन आज अधिकारियों ने इन मांगों को अपने तक ही सीमित रखे हुए हैं।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 28 अगस्त को

कोरबा। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) वर्ष 2025-26 के द्वितीय त्रैमास की बैठक सांसद लोकसभा क्षेत्र कोरबा श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में गुरूवार 28 अगस्त को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कोरबा में आयोजित होगी।

## राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 हेतु कोरबा जिले से चुने गए संतोष कुमार चौरसिया

कोरबा । राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 के लिए देशभर के 45 शिक्षकों का चयन किया गया है, इनमें छत्तीसगढ़ के दो शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया भी शामिल हैं। इन शिक्षकों को 5 सितंबर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 50 हजार रुपए नगद के साथ रजत पदक प्रदान किया जाएगा। शिक्षक सम्मान हासिल करने वाली डॉ. प्रज्ञा सिंह दुर्ग जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, हनोदा में पदस्थ हैं, वहीं संतोष कुमार चौरसिया कोरबा जिले के पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सलोरा में पदस्थ हैं। अधिकारियों ने प्रसन्नता जताई है।

### ज्ञानोदय में मनाया गया राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस



**जांजगीर नैला।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर भारतीय चंद्रयान 3 के सफलता पूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग की याद में मनाया जाता है। 23 अगस्त 2023 को हम सभी भारतीयों के लिए यह बहुत ही गौरवान्वित समय था कि हम अपने पहले प्रयास में ही चंद्रमा के दक्षिणी भाग में पहुंच गए । राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की याद में ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया । कक्षा छठवीं से बारहवी के सभी छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदायनी मां सरस्वती की छाया चित्र पर स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ,कार्यक्रम के निर्णायक श्रीमती दामिनी कश्यप , मीना यादव ,प्रिया कोसरे ,पुष्पेंद्र राजनाथ ,राकेश पठारे ,किरण गोयल ,हेमंत ढीमर की उपस्थिति में पूजा अर्चना एवं माला अर्पण कर किया गया। निर्णायक गण का स्वागत रेस्मा कश्यप,साधना कश्यप एवम मानस राज के द्वारा पुष्प गुच्छ से किया गया । स्कूल के सभी छात्र - छात्राओं के द्वारा मॉडल,पोस्टर के माध्यम से भारत के इसरो द्वारा अंतरीक्ष में परचम लहराकर आत्मनिर्भर भारत बनाने की एक अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। आज इसरो की पहुंच पूरे अंतरिक्ष मे है । इस अवसर पर सभी स्कूली छात्रों द्वारा मिसाईल मेन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम को याद करते हुए अंतरिक्ष और मिसाइल की अद्भुत पोस्टर ,पैन्टिन्ग किया गया। निर्णायकों ने छात्र - छात्राओं की प्रतिभा को सराहते हुए प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय स्थान प्रदान किया। सभी बच्चों ने इसरो पर आधारित सुंदर पोस्टर, पेंटिंग बनाए। ज्ञानोदय विद्यालय जांजगीर के प्राचार्य डॉ सुरेश यादव ने सभी बच्चो के कौशल को प्रोत्साहित किया और कहा कि सभी बच्चों में भिन्न- भिन्न प्रतिभाएं होती है। शिक्षकों को उनकी प्रतिभा को पहचानना होगा ताकि उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके । इनके सपनो की उड़ान धरती से अंतरिक्ष तक पहुंच सके। मैं इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। नेशनल स्पेस डे कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रभारी पुष्पेंद्र राजनाथ सहित विद्यालय के सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

# सेवा सहकारी समिति के कर्मचारियों ने मांगों को लेकर की हड़ताल

**जांजगीर चांपा।** प्रदेश के 2058 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों की लंबित तीन सूत्रीय मांग पूरी नहीं होने पर खरीफ वर्ष 2025-26 धान खरीदी बहिष्कार करते हुए पुनः अनिश्चित कालीन आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है।
उपरोक्त विषयान्तर्गत छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर पंक 6685 की ओर से सादर अनुरोध है कि छ.ग. शासन द्वारा गत वर्ष नवम्बर 2024 में लंबित जायज तीन सूत्रीय मांगों की पूर्ति हेतु पंजीयक द्वारा अर्न्तविभागीय कमेटी गठित करने एवं खाद्य विभाग द्वारा फरवरी के बाद उठाव हेतु शेष धान की सुखत देने लिखित पत्र जारी किया गया था परंतु खेद का विषय कि आज भी प्रदेश के कुछ समितियों में गत वर्ष का धान उठाव बाकी है। संबंधित कर्मचारियों के उपर धान की सुखत को आर्थिक अनियमितता बताकर एफआईआर दर्ज की जा रही है। महासंघ द्वारा लगभग 4 माह पूर्व मंत्रालय का घेराव करते हुए मागों की पूर्ति हेतु ज्ञापन छ.ग. शासन को सौंपा गया था। समानुपात में प्रदेश के समितयों से धान उठाव नहीं होने के कारण ऐसे समितियां बर्बाद हो गई है। एवं समितियों के विभाजन से भी समितियों की आर्थिक स्थिति दुर्बल हो गई है। भारत सरकार के मंशा अनुरूप सहकारी समितियों में सहकार से समृद्धि लाने के लिए प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों को अर्थिक रूप से सुदृद्ध बनाने एवं समिति के कर्मचारियों की भविष्य उज्जवल बनाने निम्न लंबित तीन सूत्रीय जायज मांगों की पूर्ति
की मांग की गई है।

**यह है कर्मचारियों का तीन सूत्री मांग**

मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छ.ग. सरकार के द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों के वेतन मान व अन्य सुविधायें ग्रेजयुटी, महगाई भत्ता, पेंशन, भविष्य निधि आदि लाभदेने हेतु प्रति वर्ष प्रत्येक समितियों को तीन-तीन लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेशित किया जाये।

सेवा नियम 2018 को संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतन मान लागू कर लाभ दी जाये। और सेया नियम 2018 प्रावधान अनुसार 50 प्रतिशत बैंको के कंडर समिति प्रबंधकों पर विभागीय भर्ती तत्काल प्रारंभ की जावे। जिला सहकारी बैंको के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के खाली पदों पर 50 प्रतिशत समिति कर्मचारियों से विभागीय नर्ती लेते हुए सेवा नियम 2012 के अनुसार समितियों में पदस्य समिति प्रबंधकों को जिला सहकारी बैंक के केडर प्रबंधक माना जाये। 3. समर्थन मूल्य धान खरीदी वर्ष 2023-24 एवं वर्ष 2024-25 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखत मान्य कर छ.ग. शासन द्वारा समितियों को राशि दी जावे। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25. में भी शुन्य शार्टेज प्रोत्साहन का प्रावधान कर लाभ दिया जावे। सुरक्षा एवं प्रासंगिक व्यय तथा धान कमीशन, खाद, बीज, उभोक्ता, फसल बीमा आदि में 4 गुना कमीशन में बढ़ोतरी कर राशन वितरण पर प्रति क्विंटल 500 ग्राम क्षति पूर्ति अथवा 5000 रूपये विक्रेताओं को प्रति माह दिया जावे।
कर्मचारियों ने आशा व्यक्त किया है कि इन समस्याओं का समाधान समय पर किया जाए अन्यथा कर्मचारियों द्वारा हड़ताल किया जाएगा।



## शिक्षा मंत्री ने श्री दूधाधारी मठ पहुंचकर भगवान का दर्शन किया

**जांजगीर चांपा।** दुर्ग शहर के विधायक एवं छत्तीसगढ़ राज्य के नवनियुक्त शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव जी ने अपने सहयोगियों सहित श्री दूधाधारी मठ रायपुर पहुंचकर भगवान का दर्शन पूजन करके आशीर्वाद लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री के मठ आगमन पर श्री दूधाधारी मठ पीठाधीश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने द्वार पर उनका स्वागत करके उन्हें भगवान श्री संकट मोचन हनुमान जी, भगवान श्री स्वामी बालाजी, स्वामी बलभद्र दास जी की समाधि स्थल एवं रामपंचायतन में दर्शन पूजन करा- कर स्थान के ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्रदान की। माननीय मंत्री जी दर्शन पूजन एवं आशीर्वाद प्राप्त करके काफी गदगद हुए। इस अवसर पर उन्होंने मीडिया जगत से भी वार्तालाप की तथा स्कूल से आए हुए बच्चों से भेंट -मुलाकात किया। राजेश्री महन्त जी महाराज ने ट्रस्ट कमेटी के सदस्यों सहित उनका साल, श्री फल एवं पुष्प माला से अभिनंदन कर आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विशेष रूप से अनुराग अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष केदार धनगर, श्याम सुंदर अग्रवाल, विजय पाली, रामछबि दास जी, सुरेश शर्मा, चूड़ामणि निर्मलकर, अंबर अग्रवाल, रामकृष्ण अग्रवाल, लव यादव, सरिता वर्मा, नरेंद्र यादव, रामप्रिय दास जी, प्रशांत पांडे, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे, वीरेंद्र सिंह,सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे मठ मंदिर के विद्यार्थियों एवं पुजारीयों ने स्वस्तिवाचन किया।

# अनगिनत लोगों के बलिदान से टूटी परतंत्रता की बेड़ियां: साहू

### सभापति राजकुमार ने कार्यक्रम में लोगों को बताया महत्व



**जांजगीर-चाम्पा।** नवागढ़ विकास खण्ड के ग्राम पंचायत सेंदरी के पूर्व माध्यमिक शाला में जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत सेंदरी के अंबेडकर चौक में जनपद सदस्य हेमंत पैगवार, पंचायत भवन में ग्राम सरपंच विद्यानंद बंजारे व उपसरपंच धनंजय पटेल ने आंगनबाड़ी भवन क्रमांक 01 में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उपस्थित स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि पंद्रह अगस्त की तारीख, हमारी सामूहिक स्मृति में गहराई से अंकित है। औपनिवेशिक शासन की लंबी अवधि के दौरान, देशवासियों की अनेक पीढ़ियों ने, यह सपना देखा था कि एक दिन देश स्वाधीन होगा। देश के हर हिस्से में रहने वाले पुरुष और महिलाएं, बूढ़े और जवान विदेशी शासन की बेड़ियों को तोड़ फेंकने के लिए व्याकुल थे। उनके संघर्ष में निराशा नहीं अपितु बलवती आशा का भाव था। आशा का वही भाव, स्वतंत्रता के बाद हमारी प्रगति को ऊर्जा देता रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे संविधान में ऐसे चार मूल्यों का उल्लेख है जो हमारे लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाए रखने वाले चार स्तंभ हैं। ये मूल्य हैं - न्याय, स्वतंत्रता, समता और बंधुता। ये हमारी सभ्यता के ऐसे सिद्धांत हैं जिन्हें हमने स्वाधीनता संग्राम के दौरान पुनः जीवंत बनाया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## अफवाह या अप्रिय घटना की जानकारी पुलिस को दें

**सक्ती।** जिले के हसौद थाना प्रभारी नरेंद्र यादव के नेतृत्व में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में आने वाले गणेश उत्सव को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी, शांति समिति सदस्य व थाना प्रभारी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना था। थाना प्रभारी के निर्देश पर एएसआई बी सोहन चंद्रा ने सभी से अपील की सभी नागरिक पर्व को आपसी भाईचारे और सहयोग के साथ मनाएं। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाह या अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की बात कही। इस दौरान पुलिस विभाग ने साइबर सेल की भी जानकारी दी।

## आकृति महिला मंडल ने स्वच्छता दीदियों का किया सम्मान



**जांजगीर।** अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र के आवासीय परिसर में आकृति महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा तीज व पोला उत्सव के अवसर पर स्वच्छता कार्य में संलग्न दीदियों को उपहार में साड़ी बांटा गया। उल्लेखनीय है कि आकृति महिला मंडल मड़वा द्वारा समय-समय पर परोपकार व सामाजिक कार्य किए जाते हैं। आकृति महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती शशि कोसरिया के हाथों सभी स्वच्छता दीदी व बहनों को साड़ी का वितरण किया गया। श्रीमती कोसरिया ने सभी दीदियों की सराहना करते हुए कहा कि इनके योगदान की वजह से हमारा आवासीय परिसर व क्लब साफ-सुथरे रहते हैं। कार्यक्रम में महिला मंडल की उपाध्यक्ष अनीता द्विवेदी, गंगोत्री ध्रुव, संगीता साव, विजया शाह, सचिव प्रीति बंजारे, सहसचिव अर्चना लकरा , कोषाध्यक्ष सुनीता परगनिहा, खेल सचिव देवश्री ठाकुर व यशु साहू, सांस्कृतिक सचिव दिव्या पित्रोदा व अर्पणा झा समेत कार्यकारिणी सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### किसानों को खाद उपलब्ध कराएं : राघवेंद्र

**जांजगीर चांपा।** विधायक राघवेंद्र सिंह ने क्षेत्र के अनेक गांवों में उर्वरक की कमी होने पर उप संचालक कृषि विकास एवं कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग जिला से टेलीफोनिक चर्चा कर प्रभावित गांवों में उर्वरक जल्द उपलब्ध कराने का आग्रह किया था जिसके परिप्रेक्ष्य



में उप संचालक कृषि विभाग के द्वारा जिला विपणन अधिकारी जांजगीर चांपा को पत्र लिखकर अकलतरा की समितियों में उर्वरक उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। उप संचालक कृषि विभाग ने विधायक अकलतरा राघवेंद्र सिंह के टेलीफोनिक चर्चा के संदर्भ देते हुए विपणन अधिकारी जांजगीर चांपा को लिखा है कि विधायक अकलतरा राघवेंद्र सिंह द्वारा सूचना मिली है कि उनके क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांवो की समितियों मे उर्वरक की कमी से किसान जूझ रहे हैं और भटक रहे हैं और उन्हें परेशान होना पड़ रहा है, अतः पहरिया, खैजा,जावलपुर, बलौदा, महुदा, बछौद, कोरबी, खिसोरा, कलतरी, कोटमी सोनार, नरियरा के साथ ही अन्य समितियों से प्राप्त डीडी आरओ के अनुसार उर्वरक व्यवस्था कर भंडारण करना सुनिश्चित करें। जिससे किसानों को समय पर उर्वरक मिलना सुनिश्चित हो सके। आदेश की कापी विधायक राघवेंद्र सिंह, कलेक्टर, नोडल अधिकारी को भी भेजी गई है।

## यातायात नियम तोड़ने पर 209 बाइक जब्त की

**जांजगीर।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण और यातायात नियमों के सख्त पालन को लेकर पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय (ढ़क्क) के निर्देशन में जांजगीर-चांपा पुलिस द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में जिलेभर में आज एक साथ सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान बिना नंबर की और तीन सवारी वाली मोटरसाइकिलों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। 209 मोटरसाइकिलों को ज़ब्त किया गया है, जिन्हें आगे कोर्ट में प्रस्तुत किया जाएगा।यह अभियान जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में एक साथ चलाया गया।

## जांजगीर में कांग्रेस जनों ने मनाया स्वर्गीय राजीव गांधी जयंती

**जांजगीर।** आधुनिक भारत के स्वप्न दृष्टा, पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी का 81 वां जन्म दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार के संयोजन में 20 अगस्त को जांजगीर शहीद स्मारक में प्रार्थना सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वर्गीय राजीव गांधी जी के तैल चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर, धूप दीप प्रज्वलित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं स्वर्गीय राजीव गांधी ने भारत के नवनिर्माण और विकास का जो संकल्प लिया था उसे पूरा करने में हमें मिलजुल कर पूरा शक्ति के साथ जुटने के लिए उपस्थित कांग्रेसजनों ने संकल्पित हुए कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जांजगीर चांपा विधायक ब्यास कश्यप, जिला कांग्रेस के कार्यकारी जिला अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश कांग्रेस सचिव हर प्रसाद साहू, डॉ परस शर्मा, , रफीक सिद्दीकी, विवेक सिसोदिया, भगवान दास गढ़वाल, शिशिर द्विवेदी, संतोष पप्पू शर्मा, शत्रुघ्न दास महंत, श्रीमती सीमा राजू शर्मा,श्रवण सिंह,संतोष बबई गढ़वाल , रामविलास राठौर,अनिल चौरसिया आदि प्रमुख रूप से शामिल हुए

## ओपी चौधरी ने दिया शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय जांजगीर में अतिरिक्त कमरे के लिए 20 लाख



**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के वित्त मंत्री ओमप्रकाश चौधरी ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय जांजगीर नैला में अतिरिक्त कक्ष हॉल निर्माण के लिए 20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। जांजगीर नैला के सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय में बहुत दिनों से लगातार इस मांग को रखा जा रहा था। इस हॉल के निर्माण से छात्र छात्राओं को अत्यधिक लाभ होगा। ज्ञात हो कि विगत दिनों सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय जांजगीर चांपा के प्रबंध समिति के सदस्य अरुण झाझडिया कोषाध्यक्ष मन मंथ नाथ शर्मा व्यवस्थापक धर्मेंद्र शर्मा गुलाब दीवान गोपेश्वर कहरा ने माननीय मंत्री ओमप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर हॉल निर्माण के लिए राशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। वीणा पाणी शिक्षण समिति के सभी सदस्यों के साथ सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय जांजगीर नैला परिवार के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए माननीय मंत्री ओमप्रकाश चौधरी का आभार व्यक्त किया है।।

## लायंस क्लब जांजगीर नैला की कार्यकारिणी का किया गठन

**जांजगीर चांपा।** अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब की संस्था, लायंस क्लब





जांजगीर-नैला के नए सत्र 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया। लायन राजेश पालीवाल को लगातार तीसरी बार लायंस क्लब जांजगीर का अध्यक्ष मनोनीत किया गया,इनके अध्यक्षीय कार्यकाल में लायंस क्लब जांजगीर ने अनेक सेवा एवं प्रशासनिक गतिविधिया संपन्न की है । लायंस क्लब जाँजगीर नैला के कार्यकारिणी में चार्टर अध्यक्ष- ला. देवेश सिंह,सचिव- ला. डॉ व्ही. के. पैगवार,कोषाध्यक्ष-ला. धीरज जैन,प्रथम उपाध्यक्ष ला.मनोज अग्रवाल,द्वितीय उपाध्यक्ष ला. जूही गौरहा,टेमर-ला. नमीषा थवाईत,टेल ट्विस्टर ला. प्राची पांडेय,पीआरओ -ला. राहुल अग्रवाल और ला. हेमंत मिश्रा,क्लब LCIF कोऑर्डिनेटर- ला. देवेश सिंह,क्लब सर्विस चेयरमेन -ला. डॉ.परस शर्मा,सदस्यता विस्तार चेयरमेन- ला. ऋषिकेश उपाध्याय,क्लब मार्केटिंग चेयरमेन- ला.रिकेश अग्रवाल,क्लब ऐडमिनिस्ट्रेटर- ला. श्रवण सिंह,संचालक मंडल-ला.युवराज सिंह, रमेश सुल्तानिया,ला.विजय सोनी,ला. शंभु पालीवाल,ला. विष्णु धानुका,ला.ब्रजेश गौरहा ,ला.नवीन अग्रवाल,ला. रीता सिंह ला. स्मृति गौरहा,ला. मंजुला सिंह को मनोनीत किया गया ।

### शिकायत पर जांच: अफसरों को राशन कम मिला

**जांजगीर।** बिर्रा, बसंतपुर पीडीएस दुकानों में लाखों रुपए के चावल शक्कर गबन आरोप की शिकायत होने के बाद खाद्य निरीक्षक जांच के लिए पहुंचे। जांच में दुकान संचालक द्वारा लापरवाही करने की पुष्टि हुई है। दुकान में राशन की कमी पाई गई है। लेकिन शिकायत कर्ता ने गुपचुप तरीके जांच करने का आरोप लगाया गया है। इसलिए जांच सवालों के घेरे में हैं। दरअसल बम्हनीडीह ब्लॉक के बिर्रा,बसंतपुर पीडीएस दुकानों में लाखों रुपये के चावल, शक्कर का गबन करने आरोप लगाया गया है। मामले की शिकायत कलेक्टर, एसडीएम व खाद्य अधिकारी से हुई है। शिकायत के बाद अधिकारी हरकत में आए। खाद्य निरीक्षक सुनील विश्वकर्मा द्वारा इस मामले की जांच की गई है।

# सृष्टि की रचना के साथ समय पर होता है संहार: हितवल्लभ



**जांजगीर नैला।** अग्रसेन भवन के सामने चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस श्री धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता श्री हित ललित वल्लभ महाराज ने श्रोताओं को कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है जिस वजह से आप भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में कथा के प्यासे बनकर आए अपने हृदय को रिक्त रखें तभी कथा हृदय पटल पर उतरेगी प्रभु तो सत्य और सर्वेश्वर हैं जो सृष्टि की रचना करते हैं पालन करते हैं और समय-समय पर संहार भी करते हैं,लेकिन आज मानव भगवान की भक्ति छोड़कर विषय वस्तु को भोगने में लगा है परंतु मानव जीवन का उद्देश्य भगवान श्री कृष्ण की प्राप्ति होना चाहिए । आगे बताया कि जब द्रोपति का चीर दुशासन ने खींचा तब द्रोपति ने अपने बल बुद्धि से अपने आप को बचाने की बहुत कोशिश की अंत में भगवान श्री कृष्ण को याद किया तब भगवान श्री कृष्ण वस्त्र अवतार लेकर प्रकट हो गए और द्रोपदी की लाज बचाई, आगे बताया पांडवों का स्वर्गारोहण व परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराते हुए बताया की परीक्षित का राज्य अभिषेक होने के बाद एक दिन परीक्षित ने अपने कोष से एक मुकुट मंगवा कर अपने मस्तक पर धारण किया वह मुकुट जरासंध का था पाप की कमाई मैं कलयुग का वास है इस मुकुट के कारण धर्म श्रेष्ठ राजा परीक्षित के मन में शिकार करने की इच्छा प्रगट हुई और वह शिकार करने वन में चले गए काफी दूर पहुंचने पर उन्हें प्यास लगी वह समीक मुनि के आश्रम में गए समिक मुनि ध्यान मग्न थे जिससे वह राजा का सत्कार नहीं कर पाए जिस कारण राजा परीक्षित ने क्रोधित हो उनके गले में एक मृत सर्प को डाल दिया शमीक मुनि के बालक श्रृंगी को जब पता चला तो उसने श्राप दे दिया की जिसने मेरे पिता के गले में सर्प डाला है आज से सातवें दिन तक्षक सर्प के डसने से उसकी मृत्यु हो जाएगी ,प्रसंग आगे बढ़ाते हुए महाराज ने सुखदेव के जन्म की कथा श्रवण कराई। झाझरिया परिवार ने श्रद्धालु श्रोताओं से कथा सुनने का अनुरोध किया कथा का समय 3 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा


**कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा (छ.ग.)**

क्रमांक/शापको/स्था/2025/1196 — कोरबा, दिनांक 20.08.2025

**//आवश्यकता है//**

शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा के डिप्लोमा पाठ्यक्रम में इलेक्ट्रिकल इंजी, इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी एवं गणित विषय में अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इलेक्ट्रिकल इंजी एवं इंस्ट्रूमेंटेशन इंजी में संबंधित/प्रासंगिक संकायों में प्रथम श्रेणी में स्नातक उपाधि तथा गणित विषय में प्रथम श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि है। इच्छुक उम्मीदवार बायोडाटा एवं शैक्षणिक, अनुभव एवं अन्य प्रमाण पत्रों की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति सहित आवेदन रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से अथवा स्वयं उपस्थित होकर दिनांक 08.09.2025 तक कार्यालयीन समय में जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार के विलम्ब की जिम्मेदारी इस कार्यालय की नहीं होगी। पूर्व में कार्यरत अथवा आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पुनः विज्ञापन पश्चात् की तिथि में आवेदन करने पर ही विचार किया जाएगा। चयन हेतु निर्धारित मापदंड निम्नानुसार होंगे-
चयन के कुल 100 अंक निर्धारित किये गये हैं, जो निम्नलिखित अनुपात में दिये जायेंगे-

| | |
|---|---|
| 1. विहित न्यूनतम अर्हता (अर्हकारी परीक्षा में 50 प्रतिशत प्राप्तांकों के लिये-10 अंक, 50 प्रतिशत से अधिक के लिए प्रत्येक एक प्रतिशत के लिये-एक अंक) | 60 अंक (अधिकतम) |
| 2. उच्चतर अर्हता (संबंधित विषय में एम.ई./एम.टेक/एमफिल उपाधि) (अभ्यर्थी के पास आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए) | 05 अंक |
| 3. पी.एच.डी. उपाधि (संबंधित विषय में आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि को होनी चाहिए) | 10 अंक |
| 4. गेट (इंजीनियरिंग विषयों के लिए)/NET/SET वैध स्कोर कार्ड प्रस्तुत करने पर | 05 अंक |
| 5. 1. एनसीसी/एनएसएस/(बी/सी सर्टिफिकेट पास) बी-02 अंक 2. एनसीसी/एनएसएस/(सी प्रमाण-पत्र प्राप्त) सी-05 अंक | 05 अंक (अधिकतम) |
| 6. खेलकूद में राज्य स्तर/राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व, राज्य शासन अथवा भारत सरकार के मोनो वाले प्रमाण-पत्र ही मान्य किये जायेंगे। | 05 अंक (अधिकतम) |
| 7. शैक्षणिक अनुभव, न्यूनतम अपेक्षित अनुभव के अतिरिक्त (इंजी, महाविद्यालय/पॉलीटेक्निक स्तर पर 01 अंक प्रति सेमेस्टर अधिकतम 02 अंक प्रतिवर्ष) | 10 अंक (अधिकतम) |

संस्था में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 08.09.2025 सायं 05:00 बजे तक

जी-252603050/3

प्राचार्य
शासकीय पॉलीटेक्निक, कोरबा (छ.ग.)



**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.07-10/PUBLICATION/3956 — Korba West, dtd. 25.08.2025
(e-Bidding) TENDER NOTICE No. 1367/2025.
Online tenders are invited from experienced & prospective Firms for the following Works/Supply:

| S. No | Rfx No. | Particulars | Cost of tender doc. | E.M.D. (Rs.) | Last date of submission & opening |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rfx No. 8100045787 | Deployment of One No. Vehicle (Cat-SUV) for E.E. (C&I-I & II) and (EMD-II), HTPS, Korba West. | 590/- | 6,031/- | 15.09.2025 |
| 2. | Rfx No. 8100045864 | Supply and Installation rubber liner with fabrication and erecting of MS mother plate in place of damaged parent plates and rubber liner of chutes in various TT's of CHP: EXT., HTPS, Korba West. | 590/- | 14,835/- | 16.09.2025 |
| 3. | Rfx No. 8100045874 | Supervision of various work at O&M Store, HTPS, Korba West. | 590/- | 7,870/- | 15.09.2025 |

NOTE:- 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in-e-Bidding 2. Quantity as per tender schedule.
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

S-45028/3

## अनमोल वचन......

सिर्फ खड़े होकर पानी देखने से आप नदी नहीं पार कर सकते।

# अब हल्की राहत नाकाफी

*बारह फीसदी वाली चीजों को 18 प्रतिशत में ले जाया गया, तो उससे और नुकसान होगा। 28 फीसदी की दर विलासिता की चीजों पर है, जिसके घटने से समृद्ध तबकों को लाभ होगा। 12 फीसदी वाली चीजें आम जन से जुड़ी हुई हैं। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री के 103 मिनट के भाषण में व्यावहारिक महत्त्व की घोषणा यह थी कि अगली दिवाली से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का नया रूप सामने आएगा। उसके बाद सरकारी अधिकारियों के हवाले से मीडिया रिपोर्टों में बताया गया है कि अब इस कर व्यवस्था में चार के बजाय दो दरें ही होंगी। संभवतः 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों को खत्म कर दिया जाएगा। उन श्रेणियों में आने वाली वस्तुओं को पांच और 18 फीसदी की दरों में समाहित किया जाएगा। वैसे आदर्श स्थिति तो यह होगी कि, जैसा जीएसटी लागू होने से पहले अनुमान लगाया जाता था, सिर्फ एक दर हो। बहरहाल, दो दरों का होना भी मौजूदा स्थिति की तुलना मे सुधार माना जाएगा। इससे आर्थिक गतिविधियों को तेज करने में कितनी मदद मिलेगी, वह इससे तय होगा कि सरकार करों को न्यूनतम रखने का नजरिया अपनाती है या अधिकतम। अगर 12 फीसदी वाली कुछ चीजों को 18 प्रतिशत में ले जाया गया, तो उससे और नुकसान होगा। 28 फीसदी की दर विलासिता की चीजों पर है, जिसके घटने से समृद्ध तबकों को लाभ होगा। जबकि 12 फीसदी वाली चीजें आम जन से जुड़ी हुई हैं। इन्हें पांच प्रतिशत पर लाया जाता है, तो बेशक लोगों की जेब में पैसा बचेगा। हालांकि यह भी उतना नहीं होगा, जिससे अर्थव्यवस्था को गतिशील बना देने लायक मांग बढ़े। इसका कारण हाल के वर्षों में आम परिवारों की घटी बचत और उन पर बढ़ा कर्ज का बोझ है।*

*फिर तमाम सेवाओं की महंगाई का अलग से दबाव है। दरअसल, सरकार ने पिछले दशक में आम जन की जेब इतनी निचोड़ ली है, अब हल्की राहत नाकाफी है। हां, इसके साथ ही सरकार पेट्रोलियम जैसी चीजों को भी उत्पाद शुल्क से मुक्त करे और दीर्घकालीन कल्याणकारी योजनाओं में निवेश बढ़ाए, तो बात बन सकती है। मगर उसका कोई संकेत नहीं है। फिर व्यापारियों की टैक्स रिटर्न की झंझटों से कोई मुक्ति नहीं मिलने जा रही है। अतः नरेंद्र मोदी की इस घोषणा की जितनी मोटी सुर्खियां बनी हैं, उनके नीचे की विषयवस्तु उनकी तुलना में काफी कमजोर है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज आप किसी नए कार्य की शुरुआत करेंगे, जिसमें आपको जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आपका सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। आज आप फाइनेंस से रिलेटिड सारे काम समय पर निपटा लेंगे। इस राशि की महिलाएं घर से ही किसी बिजनेस की शुरुआत कर सकती हैं, जिसमें परिवार का पूरा सपोर्ट रहेगा।

**वृषभ राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज आप अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलेंगे और अपनी जीवन शैली में बदलाव करेंगे। आज आप किसी चीज को बिना जाने समझे उसके बारे में फैसला करने से बचें। आज आपको अपने करियर को लेकर थोड़ी उलझन हो सकती है, लेकिन किसी समझदार व्यक्ति का साथ मिलने से राहत मिलेगी।

**मिथुन राशिफल :** आज का दिन आपके लिए मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। इस राशि के बच्चे आज मन लगाकर पढाई करेंगे, जिससे टेस्ट में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। आज आप परिवार के साथ बैठकर इंजॉय करेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**कर्क राशिफल :** आज का दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आज आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है, जिससे आपका मन शांत रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं, जहां आपको आनंद की एक अलग ही अनुभूति होगी। आज आप जितना हो सकें दूसरों की राय लेकर ही किसी काम की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है।

**सिंह राशिफल :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको किसी करीबी से शुभ समाचार प्राप्त होगा, जिससे आपका दिन बन जायेगा। आज आप अपने बच्चों का आत्म बल बनाये रखने में सहयोग अवश्य करेंगे। आज कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी, जिससे आपको खुशी मिलेगी।

**कन्या राशिफल :** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवारजनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर विचार-विमर्श रहेगा। आज ऑफिस में चल रहा प्रोजेक्ट पूरा होने से राहत मिलेगी, जिससे अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे। आज आप माता पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा के लिए जा सकते हैं।

**तुला राशिफल :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको सरकारी कामों में समझदार व्यक्ति से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। आज समाज में आपकी छवि और अधिक निखरेगी। आज आप अपनी कार्यप्रणाली व्यवस्थित बनाए रखेंगे, जिससे समय की बचत होगी।

**वृश्चिक राशिफल :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बहुत ही सोच समझकर निर्णय लेने की आवश्यकता है, जिससे आप अधिक से अधिक लाभ कमा सकें। आज आप जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकतें हैं, जिससे आपको बहुत हल्का महसूस होगा। आज आप ऑफिस में सबके बीच सामंजस्य बनाकर रखेंगे।

**धनु राशिफल :** आज का दिन आपके लिए उत्साह से परिपूर्ण रहेगा। आज आपके रोजगार की तलाश ख़त्म होगी, आप पार्टनरशिप में किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं। आज आपका समय दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बीतेगा, जिससे आपके रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपको समारोह में जाने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

**मकर राशिफल :** आज का दिन आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। आज आप वो पाने में सफल रहेंगे, जिसके लिए आपने कड़ी मेहनत की थी। आज आप व्यावसायिक योजना बनाने में सफल रहेंगे, आगे चलकर जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। इस दौरान आपको अपने खर्चे पर नजर रखने की जरूरत है। आज आप काम के साथ साथ अपने स्वास्थ्य का भी ख्याल रखें, जिससे आप बेहतर तरीके से काम कर पायें।

**कुंभ राशिफल :** आज का दिन आपके लिए आशाजनक बना रहेगा। आज आप आर्थिक रूप से समृद्ध रहेंगे और आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप बातचीत के दौरान कुछ भी कहने से पहले शब्दों पर ध्यान दें, जिससे आपके आपसी रिश्ते अच्छे बने रहेंगे। इस राशि के लेखक आज अपनी पुस्तक का लोकार्पण कर सकते हैं, जिसे समाज के द्वारा खूब पसंद किया जायेगा।

**मीन राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक ठाक बना रहेगा। आज आप कार्यक्षेत्र में नई योजनाएं बनाएंगे, जिसमें आपको कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिलेगा। आज आप ऑफिस के प्रोजेक्ट को बहुत अच्छे से पूरा करेंगे, जिससे बॉस खुश होकर आपका प्रमोशन कर सकते हैं। इस राशि के खेल कूद में रूचि रखने वाले छात्रों को आज किसी प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा, जिसमें वे अच्छा परफॉर्म करेंगे। आज आप अपने व्यक्तिगत, और पारिवारिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

# राधाकृष्णन से संसदीय परंपराओं की उम्मीद

//उमेश चतुर्वेदी//

**राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है, इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। 1999 के आम चुनावों के बाद तमिलनाडु से चुनकर आए युवा सांसद को उसकी पार्टी की ओर से राजधानी दिल्ली में बने रहने की ताकीद की गई थी.. ऐसी ताकीद का मतलब होता है, या तो संसद की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है और उसमें सांसद का रहना जरूरी है या फिर मंत्रिमंडल का गठन और फेरबदल होने वाला है..हो सकता है कि उसका नाम मंत्री बनने की सूची में शामिल हो और उसे अचानक राष्ट्रपति भवन से बुलावा आ जाए।**

चूंकि लोकसभा के चुनाव जल्द ही हुए थे, लिहाजा उम्मीद थी कि वह सांसद भी मंत्री बनने वाली लिस्ट में शामिल है। लेकिन उसे बुलावा नहीं आया। बाद में पता चला कि नाम को लेकर भ्रम होने की वजह से उसकी तरह मिलते-जुलते नाम वाले सांसद को बुलावा मिल गया और वह युवा सांसद मंत्री बनने से रह गया था। इस घटना के बाद ढाई दशक की देर भले हुई, लेकिन उसे मंत्रिमंडल में भले ही जगह नहीं मिली, लेकिन अब वह देश का उपराष्ट्रपति बनने जा रहा है। जी हां,ठीक समझा आपने सीपी राधाकृष्णन की जिंदगी से जुड़ी यह घटना है। तब वाजपेयी सरकार में उनकी जगह पी राधाकृष्णन को बुलावा मिल गया और वे मंत्री बन गए थे। पी राधाकृष्णन भी उस बार तमिलनाडु से चुने गए बीजेपी के चार सांसदों में से एक थे।

सीपी राधाकृष्णन के साथ अब तक दो तरह के संयोग ज्ञात थे। वे प्रधानमंत्री मोदी की तरह दाढ़ी रखते हैं और उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहा जाता है। दूसरा संयोग यह है कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैं, अब उपराष्ट्रपति बनने जा रहे राधाकृष्णन भी झारखंड के राज्यपाल रहे हैं। यानी अब देश के दो सर्वोच्च पदों पर झारखंड के दो पूर्व राज्यपाल होंगे। इन संदर्भों में देखें तो झारखंड दोनों के लिए शुभ रहा। जब भारतीय जनता पार्टी ने सीपी राधाकृष्णन का नाम उपराष्ट्रपति पद के लिए घोषित किया, उसके कुछ वक्त बात उनकी मां जानकी अम्माल ने बताया कि उन्होंने सीपी राधाकृष्णन का नाम देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम पर रखा था। इसे संयोग ही कहेंगे कि सर्वपल्ली के बाद सीपी राधाकृष्णन भी देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। वैसे तमिलनाडु राज्य से उपराष्ट्रपति बनने वाली तीसरी शख्सियत होंगे।

कोयंबटूर के धमाके की चर्चा अरसे तक भारतीय राजनीति में सुनाई देती रही है। कट्टरपंथी संगठन अल्ल उम्माह ने 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में ग्यारह जगहों पर बारह धमाके किए थे, जिसमें 58 लोग मारे गए और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इन धमाकों के निशाने पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, जो सीपी राधाकृष्णन के चुनाव प्रचार के लिए वहां गये थे। सीपी तभी से राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा में आ गए। तब अन्नाद्रमुक पार्टी से बीजेपी का राज्य में गठबंधन था, जिसकी वजह से कोयंबटूर लोकसभा सीट से उन्हें भारी मतों में जीत मिली। अगले साल एक वोट से वाजपेयी सरकार के गिरने के बाद जब आम चुनाव हुए तो बीजेपी ने फिर से सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार बीजेपी का उसी द्रमुक से समझौता था, जो इन दिनों भाषा, नई शिक्षा नीति और मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर बीजेपी पर हमलावर है। उस चुनाव में भी सीपी राधाकृष्णन को जीत मिली। लेकिन उसके बाद सीपी से जीत लगातार दूर रही। 2004 और 2014 एवं 2019 की प्रचंड मोदी लहर में भी उन्हें हार मिली। जबकि 2009 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है, इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। इसी एक बहस के दौरान उन्होंने बीजेपी का पक्ष जोरदार तरीके से रखा। उनकी बहस को देख-सुन रहे दर्शकों ने उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहना शुरू कर दिया। देखते ही देखते, तमिल चैनल भी उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहकर बुलाने लगे। वैसे उन्हें तमिलनाडु में सीपीआर के नाम से ज्यादा जाना जाता है, जबकि उत्तर भारत के उनके नजदीकी सर्किल में वे राधाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। नरेंद्र मोदी एक दौर में अटल-आडवाणी की जोड़ी के चहेते रहे हैं। वैसे तमिलनाडु में उनकी छवि कुछ-कुछ अटल बिहारी वाजपेयी की तरह है। उनके बेटे और बेटी की शादी में कई दलों में फैली तमिल राजनीति के नेताओं की भीड़ देखते ही बनती थी। उनके हर दल के नेता से बेहतर संबंध रहे हैं। हालांकि एक दौर में अन्नाद्रमुक से उनकी ज्यादा नजदीकी रही। उनकी दोस्ती हर दल में है। शायद यही वजह है कि राज्य के सत्ताधारी द्रमुक पर दबाव बढ़ गया है कि उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन से अलग होकर तमिल अस्मिता के नाम पर सीपीआर का समर्थन करे। लोकसभा में द्रमुक के 22 और राज्यसभा में दस सांसद हैं। अगर ऐसा होता है तो सीपीआर की जीत बड़ी हो सकती है। हालांकि द्रमुक के कई नेता उनके खिलाफ तो नहीं, अलबत्ता बीजेपी के खिलाफ बयान जरूर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी ने सीपीआर को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार अगले साल तमिलनाडु में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए बनाया है। उत्तर भारत की तरह तमिल राजनीति भी जातीय खांचे में बंटी हुई है। सीपीआर अन्य पिछड़ा वर्ग की कौंडर जाति से आते हैं। जनसंख्या के लिहाज से इस जाति का दबदबा भले ही न हो, लेकिन वह राज्य में बीजेपी का मजबूत आधार वोट बैंक है। बीजेपी उन्हें उम्मीदवार बनाकर राज्य को यह संदेश देने की कोशिश में है कि वही ऐसा दल है, जो राष्ट्रीय स्तर पर उसके प्रतिनिधि को महत्व दे सकता है। अगर द्रमुक सीपीआर का सहयोग नहीं करता तो उसके सामने बीजेपी चुनौती पेश कर सकती है। राज्य के विधानसभा चुनावों में वह कह सकती है कि तमिल अस्मिता की दुहाई देने वाले स्टालिन ने तमिल बेटे का साथ नहीं दिया। जिसका जवाब देना द्रमुक के लिए मुश्किल हो सकता है। सीपीआर बेहद धार्मिक व्यक्ति हैं। पूजा-पाठ और शाकाहार में उनकी गहरी आस्था है। दिल्ली के तमिलनाडु भवन के बाहर भगवान मुरूगेशन का एक मंदिर है। तमिलनाडु भवन में राज्यपाल बनने के पहले सीपीआर ठहरते रहे हैं। उस वक्त उन्हें जब भी कहीं बाहर जाना होता था, मुरूगेशन के सामने मत्था जरूर टेकते थे। सादा खान-पान में सीपीआर का यकीन है। अक्सर भोजन में वे इडली और चटनी लेते देखे जा सकते हैं।

सीपीआर को 2023 में झारखंड का राज्यपाल बनाया गया। 18 फरवरी को उन्होंने शपथ ली। तब वे किंचित निराश बताए जा रहे थे। उन्हें लगता था कि उनके हाथ से सक्रिय राजनीति की डोरी पीछे छूट रही है। इसके करीब डेढ़ साल बाद यानी 31 जुलाई 2014 को उन्हें अपेक्षाकृत महत्वपूर्ण राज्य महाराष्ट्र के राजभवन की जिम्मेदारी मिली। उन्होंने अपनी मधुर मुस्कान के साथ उसे निभाया है। झारखंड का राज्यपाल रहते कुछ समय तक उनके पास तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल की भी जिम्मेदारी रही। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि मोदी और शाह की जोड़ी के वे विश्वासपात्र हैं। 2016 से 2020 तक कयर बोर्ड के चेयरमैन रह चुके सीपी राधाकृष्णन अब देश के दूसरे सर्वोच्च पद से कुछ कदम दूर हैं। भारतीय संसदीय परंपरा में नया उत्साह भरने की जिम्मेदारी उनके पास है। वे चाहें तो देश की राजनीति और संसदीय परंपरा को नई दिशा दे सकते हैं। जैसा उनका व्यक्तित्व है, उसमें कोई कारण नहीं कि वे सफल ना हो पाएं।

# विपक्ष बहुत चिंतित है और आशंकित

//अजीत द्विवेदी//

**मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और प्रधानमंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करने के लिए लाए गए विधेयकों पर विपक्ष बहुत चिंतित है और आशंकित है। विपक्ष के सारे नेताओं की एक ही चिंता है कि केंद्रीय एजेंसियां खास कर सीबीआई और ईडी विपक्षी पार्टी की सरकारों को अस्थिर कर सकती हैं। उनका कहना है कि केंद्रीय एजेंसियां मुकदमा करेंगी और मंत्री या मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेंगी। धन शोधन के कानून में जमानत के प्रावधान बहुत सख्त हैं इसलिए उनको 30 दिन तक जमानत नहीं मिलेगी और इस नाम पर उनको हटा दिया जाएगा।**

आशंका यही पर खत्म नहीं होती है। यह भी कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तारी का डर दिखा कर उसको किसी काम के लिए मजबूर किया जा सकेगा। इतना ही नहीं यह आशंका भी जताई जा रही है कि मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और फिर उसकी पार्टी तोड़ कर सरकार गिरा दी जाएगी। ऐसा लग रहा है कि सरकार ने बिल बनाते समय इसके जितने मकसद नहीं सोचे होंगे उतने मकसद विपक्ष ने समझा दिए हैं।

अभी तक मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों या प्रधानमंत्री को पद से हटाने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं था। विधायक और सांसद को हटाने का प्रावधान भी लिली थॉमस मामले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश के बना। इसमें तय किया गया कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे ज्यादा की सजा हो जाती है तो वह विधायिका का सदस्य नहीं रह पाएगा और सजा की तारीख से उसके चुनाव लड़ने पर रोक लग जाएगी। आमतौर पर निचली अदालत से सजा होते ही विधायकों, सांसदों की सदस्यता समाप्त कर दी जाती है, जैसा कि राहुल गांधी के मामले में हुआ था।

बाद में अगर ऊपरी अदालत सजा पर रोक लगा दे तो सदस्यता बहाल हो जाती है। बहरहाल, अगर कोई व्यक्ति विधायक या सांसद होने के अयोग्य हो जाएगा तो वह स्वतः मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री बनने के भी अयोग्य हो जाएगा। इस नियम से इतर अब सरकार संविधान संशोधन करके कानून बना रही है कि अगर किसी मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री को किसी गंभीर अपराध के आरोप में गिरफ्तार किया जाता है और 30 दिन तक जमानत नहीं होती है तो 31वें दिन उसको पद से हटा दिया जाएगा।अब सवाल है कि इसकी जरुरत क्यों पड़ी। इसकी जरुरत पड़ी अरविंद केजरीवाल की वजह से। दिल्ली का मुख्यमंत्री रहते केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े केस में गिरफ्तार हुए और उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। वे 156 दिन तक दिल्ली की तिहाड़ जेल में रहे और मुख्यमंत्री बने रहे। उससे पहले उन्होंने हवाला मामले में गिरफ्तार अपनी सरकार के मंत्री सत्येंद्र जैन को भी काफी समय तक मंत्री पद से नहीं हटाया था। ऐसे ही तमिलनाडु में एमके स्टालिन सरकार के मंत्री सेंथिल बालाजी गिरफ्तार होकर जेल चले गए लेकिन मंत्री बने रहे।

इससे पहले आमतौर पर मंत्री या मुख्यमंत्री गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा दे देते थे। पिछले ही साल जनवरी में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया गया था और उन्होंने गिरफ्तारी से ठीक पहले इस्तीफा देकर चम्पई सोरेन को मुख्यमंत्री बनवा दिया। लेकिन उसके दो महीने बाद मार्च में गिरफ्तार हुए अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा नहीं दिया। सो, अब तक जो काम नैतिकता और लोकलाज के आधार पर होते थे वह काम सुनिश्चित करने के लिए सरकार कानून ला रही है।


अब आएं विपक्ष की चिंता और आशंका पर तो उसकी एक आशंका का जवाब हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल के मामले से मिल जाता है। हेमंत सोरेन ने इस्तीफा दिया और जेल गए तो अगले चुनाव में उनकी पार्टी ज्यादा बड़े बहुमत से सरकार में लौटी। दूसरी ओर केजरीवाल जेल गए और इस्तीफा नहीं दिया तो अगले चुनाव में वे खुद भी हारे और उनकी पार्टी भी हार कर सत्ता से बाहर हुई। दोनों की पार्टियों ने गिरफ्तारी को राजनीतिक बदले की कार्रवाई कहा था लेकिन झारखंड की जनता ने हेमंत की बात पर यकीन किया और दिल्ली के लोगों ने केजरीवाल पर यकीन नहीं किया। यह मामला कहीं न कहीं नैतिकता, परंपरा और लोकलाज से जुड़ा हुआ है। अतीत में भी देखें तो नेता नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देते थे और उनको राजनीतिक नुकसान नहीं होता था। लालू प्रसाद ने गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देकर अपनी पत्नी राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनवाया। लालू प्रसाद के जेल जाने से न तो उनकी पार्टी टूटी और न सरकार गिरी, बल्कि अगले चुनाव में फिर उनकी पार्टी जीत कर सत्ता में आई। ऐसे ही तमिलनाडु में जयललिता मुख्यमंत्री रहते दो बार गिरफ्तार हुईं। एक बार उन्होंने ओ पनीरसेल्वम को मुख्यमंत्री बनाया और दूसरी बार ई पलानीसामी को मुख्यमंत्री बनाया। दोनों बार न तो उनकी पार्टी टूटी और न सरकार गिरी।

इसके उलट पार्टियों के टूटने या सरकार गिरने की पिछले 10 साल की घटनाएं देखें तो अलग तस्वीर सामने आती है। कमलनाथ जैसा व्यक्ति मुख्यमंत्री पद पर बैठा रहा और कांग्रेस पार्टी टूट गई, सरकार गिर गई। कांग्रेस के समर्थन से सरकार चला रहे एचडी कुमारस्वामी मुख्यमंत्री पद पर बैठे रहे और कांग्रेस टूट गई, सरकार गिर गई। कांग्रेस और एनसीपी के समर्थन से सरकार चला रहे उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठे रहे और उनकी पार्टी टूट गई, सरकार गिर गई। इसका मतलब है कि मुख्यमंत्री गिरफ्तार होगा तो अनिवार्य रूप से पार्टी टूट जाएगी या सरकार गिर जाएगी और गिरफ्तार नहीं होगा तो अनिवार्य रूप से पार्टी नहीं टूटेगी, ऐसा मानना मूर्खतापूर्ण विचार है।

अब रही बात इस कानून के जरिए भारत को पुलिस स्टेट बनाने की तो यह चिंता भी बहुत सेलेक्टिव है। देश की आम जनता के लिए भारत पुलिस स्टेट ही है। पुलिस जहां चाहती है, जिसको चाहती है उसको पकड़ लेती है, उस पर लाठी डंडा चला देती है, झूठे मुकदमे में फंसा देती है। हां, माननीय लोगों को अब इसका डर लगने लगा है। तभी कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि अब एक कांस्टेबल के पास भी सरकार बदल देने की क्षमता होगी।

उनके कहने का मतलब है कि कांस्टेबल किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार कर लेगा और सरकार बदल जाएगी। अव्वल तो किसी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी ऐसे नहीं होती है और दूसरे मुख्यमंत्री के गिरफ्तार हो जाने से उसकी सरकार नहीं गिर जाती है। सिंघवी खतरे को बढ़ा चढ़ा कर दिखा रहे हैं। ऊपर से वे न्यायपालिका को बिल्कुल शून्य मान कर चल रहे हैं। सोचें, खुद वकील हैं लेकिन मान रहे हैं कि कोई कांस्टेबल किसी मुख्यमंत्री को मनमाने तरीके से गिरफ्तार कर लेगा और अदालतें कुछ नहीं करेंगी !अगर उनकी बात मान भी ली जाए कि केंद्रीय एजेंसियां किसी विपक्षी शासन वाले राज्य के मंत्री या मुख्यमंत्री को मनमाने तरीके से गिरफ्तार कर लेगी तो उसी तरह प्रदेश सरकार की एजेंसियां अपने राज्य में केंद्रीय मंत्रियों को गिरफ्तार कर सकती हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है और अगर कांग्रेस को लग रहा है कि उसके मुख्यमंत्री या उप मुख्यमंत्री को झूठे मुकदमे में फंसाया जा रहा है तो कर्नाटक सरकार की एजेंसियां केंद्रीय मंत्रियों को ऐसे ही मुकदमों में फंसा सकती हैं। उनके ऊपर हत्या से लेकर बलात्कार और चोरी, डकैती या जमीन हड़पने के झूठे मुकदमे किए जा सकते हैं और गिरफ्तार करके जेल में डाला जा सकता है। 30 दिन तक जमानत न हो इसके भी इंतजाम किए जा सकते हैं। यह तो अराजकता की स्थिति होगी। पता नहीं कैसे विपक्ष ऐसी स्थिति की कल्पना कर लेता है। अंत में राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं के साथ साथ अच्छे अच्छे पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक कह रहे हैं कि केंद्र की मोदी सरकार चंद्रबाबू नायडू के समर्थन पर टिकी है इसलिए उनको डराने के लिए यह कानून लाया जा रहा है। यह बिल्कुल बुद्धि विरोधी बात है। अव्वल तो चंद्रबाबू नायडू या किसी दूसरे मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए अलग से किसी कानून की जरुरत नहीं है। केंद्रीय एजेंसियां चाहें तो उनको गिरफ्तार कर सकती हैं। ध्यान रहे नायडू को जगन मोहन रेड्डी की सरकार ने भी गिरफ्तार किया था। दूसरे ऐसी बात कहने वालों को आंध्र प्रदेश विधानसभा का हिसाब नहीं मालूम है। 175 सदस्यों की आंध्र प्रदेश विधानसभा में नायडू की पार्टी टीडीपी के 135 विधायक हैं यानी बहुमत से 47 ज्यादा। बाकी सभी पार्टियों को मिला कर 40 विधायक हैं। कोई बुद्धि निरपेक्ष व्यक्ति ही यह सोच सकता है कि नायडू को गिरफ्तार कर लेंगे तो उनकी पार्टी टूट जाएगी और उनकी सरकार गिर जाएगी। उनको गिरफ्तार करेंगे तो उनका बेटा या परिवार का कोई सदस्य मुख्यमंत्री बन जाएगा और वे जेल से नायक बन कर लौटेंगे।

## तस्वीरों की दुनिया



गुरुग्राम के सुभाष चौक पर भारी बारिश के बाद ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन।



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, लखनऊ में एक्सिओम-4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के बाद एक बैठक के दौरान ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और शुभांशु की पत्नी कामना के साथ।



नई दिल्ली के सिद्धार्थ एन्क्लेव इलाके में एक जर्जर इमारत की छत का एक हिस्सा गिर गया। इस घटना में एक बच्चा समेत तीन लोग घायल हो गए।



भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या ने कर्नाटक के बेंगलुरु दक्षिण जिले में पार्टी की धर्मस्थल चलो यात्रा के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।



मिस टीन इंटरनेशनल 2025 की प्रतिभागी ग्रेटर नोएडा में एक कार्यक्रम में ग्रुप फोटो के लिए पोज देती हुई।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के सदस्य पटना के जय प्रकाश नारायण हवाई अड्डे पर पहुँचकर तस्वीरें खिंचवाते हुए। टीम हीरो एशिया कप 2025 में भाग लेगी।

# अशोक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ऑपरेशन सिंदूर पर किया था विवादित पोस्ट



**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अशोक यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर रोक लगा दी। उन पर आपरेशन सिंदूर से संबंधित विवादास्पद इंटरनेट मीडिया पोस्ट के लिए हरियाणा पुलिस ने मामला दर्ज किया था।जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की पीठ ने एक अंतरिम आदेश पारित कर मजिस्ट्रेट को राष्ट्र की सम्प्रभुता के विरुद्ध अपराध से संबंधित भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा दायर आरोपपत्र पर संज्ञान लेने से रोक दिया। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने यह भी कहा कि महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज एक प्राथमिकी में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की जा चुकी है और तदनुसार उन कार्यवाहियों को रद कर दिया। पीठ ने यह अंतरिम आदेश हरियाणा पुलिस द्वारा महमूदाबाद के खिलाफ एक प्राथमिकी में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल करने और दूसरी प्राथमिकी में आरोपपत्र दाखिल करने की सूचना मिलने के बाद दिया। पीठ ने उस प्राथमिकी को रद कर दिया जिसमें क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की गई थी, और दूसरी प्राथमिकी के संबंध में मजिस्ट्रेट को उसका संज्ञान लेने से रोक दिया। महमूदाबाद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने एक प्राथमिकी में दाखिल आरोपपत्र पर आपत्ति जताई। इससे पहले की सुनवाई में जब सुप्रीम कोर्ट को यह बताया गया था कि हरियाणा विशेष जांच दल (एसआईटी) ने महमूदाबाद के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त कर लिए हैं और उनके पिछले दस वर्षों का यात्रा विवरण मांगा है तो कोर्ट ने एसआईटी को अपनी जांच का दायरा अनावश्यक रूप से बढ़ाने के लिए फटकार लगाई थी।कोर्ट ने यह भी आदेश दिया था कि महमूदाबाद को दोबारा तलब न किया जाए क्योंकि वह पहले ही जांच में शामिल हो चुके हैं और अपने इलेक्ट्रनिक उपकरण जमा कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने उच्च स्तरीय जांच समिति को चार सप्ताह के भीतर अपनी जांच पूरी करने का निर्देश दिया था और कहा था कि एसआईटी को अपनी जांच पहलगाम आतंकी हमले और सीमा पार सैन्य कार्रवाई को लेकर इंटरनेट मीडिया पोस्ट की भाषा और विषय-वस्तु तक ही सीमित रखनी चाहिए।

## गर्मी में रहने वाले लोग जल्दी होते हैं बूढ़े, रिसर्च में हुआ खुलासा

**नई दिल्ली।** अत्यधिक गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से आपकी उम्र बढ़ने की दर तेज हो सकती है। विज्ञानियों ने ताइवान के लगभग 25 हजार वयस्कों के 15 वर्षों के स्वास्थ्य आंकड़ों का विश्लेषण किया। उन्होंने पाया कि दो साल तक गर्म हवाओं के संपर्क में रहने से किसी व्यक्ति की जैविक उम्र आठ से 12 दिन बढ़ सकती है। यह अध्ययन सोमवार को नेचर क्लाइमेट चेंज पत्रिका में प्रकाशित हुआ। अध्ययन का नेतृत्व करने वाली हांगकांग विश्वविद्यालय की सहायक प्रोफेसर कुई गुओ ने कहा कि यह संख्या भले ही ज्यादा न लगे, लेकिन यह समय के साथ बढ़ती जाती है।यह छोटी-सी संख्या वास्तव में मायने रखती है। यह दो साल के संपर्कों का अध्ययन था, लेकिन हम जानते हैं कि गर्मी की लहरें वास्तव में दशकों से आ रही हैं। यह शोध ऐसे समय में आया है, जब मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी और भी तीव्र हो रही है और लंबे समय तक रह रही है।अमेरिका का पश्चिमी तट भीषण गर्मी से जूझ रहा है, जबकि ईरान भी प्रचंड गर्मी का सामना कर रहा है। इस महीने यूरोप, जापान और कोरिया में रिकार्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया।

# सामाजिक कार्यकर्ता सईदा हमीद की टिप्पणी पर बवाल, असम के सीएम बोले- पहचान बचाने के लिए अंतिम सांस तक लड़ेंगे



**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने सामाजिक कार्यकर्ता सईदा हमीद पर बांग्लादेशियों के असम में रहने की बात कहने पर तीखा हमला किया है। रिजीजू ने राहुल गांधी और सोनिया गांधी की करीबी मानी जाती रहीं सईदा पर मानवता के नाम पर लोगों को भ्रामक जानकारी देने का आरोप लगाया और कहा कि उन्हें अवैध घुसपैठियों का समर्थन नहीं करना चाहिए।वहीं, हिमंत ने कहा कि ऐसी ही टिप्पणियों से घुसपैठियों को वैधता दी जाती है और असम को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने के जिन्ना के सपने को साकार करने की कोशिश करती नजर आती हैं। असम घुसपैठियों के लिए नहीं है, न अब, न कभी।केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने सोमवार को सईदा हमीद की टिप्पणी पर इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा, मानवता के नाम पर भ्रामक। यह हमारी भूमि और पहचान का मामला है। सईदा हमीद भले ही सोनिया गांधी और राहुल गांधी के करीब हों, लेकिन उन्हें अवैध प्रवासियों का समर्थन नहीं करना चाहिए। रिजीजू के साझा किए वीडियो में सईदा हमीद कहते हुए दिखाई दे रही हैं, बांग्लादेशी होने में क्या गलत है। बांग्लादेशी भी इंसान हैं और दुनिया बहुत बड़ी है, वे भारत में रह सकते हैं। यह कहना कि वे किसी के अधिकारों से वंचित कर रहे हैं, परेशान करने वाला, अत्यंत शरारती और मानवता के लिए हानिकारक है।रिजीजू ने आरोप लगाया कि कांग्रेस व राजद बिहार के लोगों के अधिकारों को अवैध प्रवासियों को देने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे अपने वोट बैंक को बढ़ा सकें। सईदा कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान तत्कालीन योजना आयोग की सदस्य थीं। असम के मुख्यमंत्री सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के संबंध में कहा कि उनकी सरकार राज्य की जनसंख्या को बदलने के किसी भी प्रयास को सहन नहीं करेगी। सरमा ने कहा, बांग्लादेशियों का असम में स्वागत नहीं है, यह उनकी भूमि नहीं है। उन्होंने कहा कि असम के लोगों की पहचान विलुप्त होने के कगार पर है, क्योंकि हमीद जैसे लोगों का मौन समर्थन है, जिन्हें उन्होंने गांधी परिवार का करीबी सहयोगी बताया। सरमा ने भी एक पोस्ट में कहा, गांधी परिवार के करीबी सईदा हमीद जैसे लोग घुसपैठियों को वैधता प्रदान करते हैं, क्योंकि वे जिन्ना के सपने को असम को पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा कि हम लचित बर्फुकन के बेटे और बेटियां हैं। हम अपने राज्य और अपनी पहचान को बचाने के लिए अपने खून की अंतिम बूंद तक लड़ेंगे।

## हमास से समझौता करना चाहते हैं इजरायल की तीनों सेनाओं के प्रमुख, नेतन्याहू से की ये अपील

यमन। इजरायल के तीनों सेनाओं के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एयाक जमीर ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से हमास के साथ बंधकों की अदलाबदली का समझौता करने की अपील की है। कहा है कि इस समझौते का मसौदा सामने है, सरकार आगे बढ़कर यह समझौता कर ले। इससे सारे जीवित बंधक रिहा हो जाएंगे और उनकी जान बच जाएगी। कहा, सेना ने अपनी कार्रवाई से हमास को समझौते के लिए विवश कर दिया है और वह समझौता कर बंधकों की रिहाई के लिए तैयार है, अब प्रधानमंत्री को समझौते पर फैसला करना है।

# अब पशुओं के लिए भी बनेंगे ब्लड बैंक, पहली बार जारी हुई राष्ट्रीय गाइडलाइन



**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

पशु चिकित्सा सेवा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मत्स्य पालन, पशुपालन और डेरी मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले पशुपालन एवं डेरी विभाग ने पशुओं के ब्लड ट्रांसफ्यूजन और ब्लड बैंकों के लिए देश के पहले व्यापक राष्ट्रीय दिशानिर्देश और मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी किए हैं। इसमें असंगत ट्रांसफ्यूजन को रोकने के लिए रक्त समूह का मिलान अनिवार्य होगा। नए ढांचे के तहत राज्य के नियमों के तहत पशुओं के लिए ब्लड बैंक स्थापित किए जाएंगे जिनका बुनियादी ढांचा जैव सुरक्षा का अनुपालन करेगा। पशुओं में ट्रॉमा, एनीमिया, सर्जरी में ब्लडलास, संक्रामक रोगों के इलाज में ब्लड ट्रांसफ्यूजन किया जाता है। लेकिन अभी तक भारत में इसके लिए राष्ट्रीय ढांचा नहीं था। पशुओं में अधिकांश ब्लड ट्रांसफ्यूजन केवल आपात स्थिति में ही किए जाते थे, जो अक्सर डोनर की मानक जांच, रक्त समूह के मिलान या स्टोरेज प्रोटोकॉल के बिना किए जाते थे। नए दिशानिर्देशों का उद्देश्य पशु चिकित्सा में ब्लड ट्रांसफ्यूजन के सभी पहलुओं के लिए एक वैज्ञानिक, नैतिक और संरचित ढांचा प्रदान करना है।इसमें डोनर का चयन, ब्लड कलेक्शन, कंपोनेंट की प्रोसेसिंग, स्टोरेज, ट्रांसफ्यूजन प्रोसीजर्स, मानिटरिंग और सुरक्षा उपाय शामिल हैं। दिशानिर्देश भारतीय पशु चिकित्सा परिषद, पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों, आईसीएआर संस्थानों, राज्य सरकारों, पशु चिकित्सकों व विशेषज्ञों के साथ व्यापक परामर्श के बाद तैयार किए गए हैं।दिशानिर्देश में डोनर्स के लिए स्पष्ट पात्रता मानदंड परिभाषित किए गए हैं, जिनमें स्वास्थ्य, टीकाकरण की स्थिति, आयु, वजन और रोग की जांच शामिल हैं। डोनर राइट्स चार्टर के निर्देशन में इसमें स्वैच्छिक तौर पर बिना पैसे के रक्त दान पर जोर दिया गया है। इसमें डिजिटल रजिस्ट्री, रीयल-टाइम इन्वेंटरी और आपातकालीन हेल्पलाइन की सुविधा वाले एक राष्ट्रीय पशु चिकित्सा ब्लड बैंक नेटवर्क बनाने का रोडमैप भी प्रस्तुत किया गया है। इसमें पशु चिकित्सा छात्रों के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल, स्नातकत्तर कार्यक्रम और चिकित्सकों के लिए सतत शिक्षा भी शामिल है। भारत का पशुधन और पशुपालन क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े क्षेत्रों में से एक है। इसमें 53.7 करोड़ से अधिक पशुधन और 12.5 करोड़ से अधिक पालतू घरेलू पशु शामिल हैं। यह क्षेत्र राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 5.5 प्रतिशत और कृषि सकल घरेलू उत्पाद में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। साथ ही खाद्य सुरक्षा, ग्रामीण आजीविका और सार्वजनिक स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## दो युवकों को पहले अगवा किया, फिर मार दी गोली... बलूचिस्तान में पाक सरकार समर्थित मिलिशिया का आतंक

**कराची, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

विगत कई दिनों से लापता चल रहे दो युवकों की सरकार समर्थित मिलिशिया ने गोली मारकर हत्या कर दी। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीते शुक्रवार, 29 साल का नईम शाय चचेरे भाई 19 साल के इकबाल हकीम के साथ रिश्तेदारों से मिलने जा रहा था। रास्ते में सरकार समर्थित मिलिशिया ने दोनों को पकड़ लिया और मौके पर ही गोली मार दी। मिलिशिया को स्थानीय तौर पर डेथ स्कवायड कहा जाता है। नईम को साल 2022 में उसके पिता, भाई और तीन अन्य रिश्तेदारों के साथ पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसियों ने अगवा कर लिया था।नईम का चचेरा भाई इकबाल कराची विश्वविद्यालय से बीए की पढ़ाई कर रहा था। इकबाल को भी लंबे समय से प्रताड़ित किया जा रहा था। वह इसी मिलिशिया की निगरानी में भी चल रहा था। द बलूचिस्तान पोस्ट के अनुसार, मानवाधिकार समूहों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इन हत्याओं को बलूचिस्तान में गैरकानूनी हिंसा के एक बड़े पैटर्न का हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि बलूच युवाओं का जबरन गायब होना और गैरकानूनी हत्याएं इस क्षेत्र में समस्या बन गई हैं। बलूच यकजहती कमेटी (बीवाईसी) की कार्यकर्ता सम्मी दीन बलूच ने पाकिस्तान के आतंकवादी निरोधक विभाग (सीटीडी) पर एक बलूच महिला को पीटने का आरोप लगाया है।उन्होंने बताया कि ये महिला कराची की एक गली से अपने भाई को अगवा होने से बचाने का प्रयास कर रही थी। हालांकि वह उसे बचा नहीं पाई और युवक को अगवा कर लिया गया। महिला को बैटन और डंडों से बुरी तरह पीटा गया।

## यूक्रेन के हमलों से तबाह हो रही रूस की इकोनॉमी ऑयल रिफाइनिंग में 17 फीसदी की आई कमी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शांति प्रयासों के बीच हाल के दिनों में यूक्रेन ने रूस पर हमले बढ़ाए हैं। उसके किए ड्रोन हमलों से रूस को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। कुछ ही हफ्तों में यूक्रेन ने रूस के 10 तेलशोधक कारखानों, एक परमाणु बिजलीघर, ईंधन भंडारों और कई बंदरगाहों को निशाना बनाया है। बताया गया है कि यूक्रेनी हमलों से रूस की तेलशोधन क्षमता में 17 प्रतिशत की कमी आई है और उसका निर्यात प्रभावित हुआ है। कुछ दिन पहले तक चीन और भारत को तेल आपूर्ति कर रहा रूस विश्व का दूसरे नंबर का तेल निर्यातक देश था। यूक्रेनी हमलों से तेलशोधक कारखानों की शोधन क्षमता प्रभावित होने से सर्दी के मौसम से ठीक पहले गैसोलीन की कमी महसूस की जा रही है। घरेलू जरूरत को पूरा करने के लिए रूस ने जुलाई से गैसोलीन के निर्यात पर रोक लगाई हुई है। रूस के नियंत्रण वाले यूक्रेनी इलाकों, दक्षिणी रूस और देश के पूर्वी भाग में गैसोलीन की भारी कमी महसूस की जा रही है। क्रीमिया, व्लादिवोस्तक और कुछ अन्य स्थानों पर गैसोलीन स्टेशनों पर कारों की लंबी लाइन देखी जा रही है। इसके महंगे होने से घरों का बजट बिगड़ रहा है। साढ़े तीन वर्ष से जारी यूक्रेन युद्ध के चलते बढ़े रक्षा खर्च, पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों और यूक्रेन के हमलों से हो रहे नुकसान ने हाल के महीनों में रूस की अर्थव्यवस्था के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है।

# भारत किसी के दबाव में नहीं आयेगा ट्रंप के टैरिफ पर पीएम मोदी की दो टूक



**अहमदाबाद, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत पर अंगुली उठाने वालों को बिना नाम लिये दो टूक कहा है कि भारत किसी के दबाव में नहीं आयेगा। आत्मनिर्भरता के मंत्र से देश अपने पैर पर खड़ा है तथा तेजी से प्रगति कर रहा है। कांग्रेस का नाम लिये बिना मोदी ने कहा कि गांधी के नाम पर दशकों राज करने वालों ने स्वच्छता व स्वदेशी का कभी नाम तक नहीं लिया। मोदी ने कहा कि गुजरात दो मोहन, सुदर्शनधारी भगवान कृष्ण तथा चरखाधारी मोहनदास करमचंद गांधी की धरती है। अहमदाबाद के उमिया धाम मैदान में एक जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने अहमदाबाद व गुजरात की करीब छह हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इससे पहले एयरपोर्ट से लेकर उमियाधाम मैदान निकोल तक रोड शो किया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने पीएम का स्वागत किया। जनसभा में पीएम ने कहा कि किसानों, पशुपालकों और लघु उद्योगों के हित सर्वोपरि हैं और हम पर दबाव बढ़ सकता है, लेकिन हम इसे सहन करेंगे। यह टिप्पणी अमेरिका के साथ चल रहे टैरिफ विवाद को जोड़कर देखा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीबों के लिए सम्मानजनक जीवन स्तर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाली है।पीएम मोदी ने कहा कि गुजरात की धरती दो मोहन की धरती है एक सुदर्शन चक्र धारी द्वारिकाधीश और दूसरे चरखाधारी मोहन, हमारे महात्मा गांधी। भारत इन दोनों के दिखाए रास्ते पर चलकर सशक्त होता जा रहा है।

श्रीकृष्ण ने हमें सिखाया कि देश समाज की रक्षा कैसे करें। उन्होंने सुदर्शन चक्र को न्याय व सुरक्षा का कवच बनाया, जो दुश्मन को ढूंढकर उसे दंड देता है। यही भाव आज भारत के फैसलों में देश-दुनिया अनुभव कर रही है।पीएम मोदी ने कहा कि आज आतंकवादी और उनके आकाओं को हम छोड़ते नहीं हैं। चाहे वे कहीं भी छिपे हैं। पहलगाम का हमले का बदला हमने कैसे लिया दुनिया ने देखा है। 22 मिनट में सब साफ कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर हमारी सेना के शौर्य और सुदर्शन चक्र धारी मोहन की इच्छाशक्ति का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि चरखाधारी मोहन महात्मा गांधी ने भारत की समृद्धि का रास्ता स्वदेशी में बताया था।पीएम मोदी ने कहा कि देश समझ नहीं पा रहा है कि कांग्रेस की समझ को क्या हुआ है। 60-65 साल देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने भारत को दूसरे देशों पर निर्भर रखा ताकि वो सरकार में बैठे-बैठे आयात में भी घोटाले कर सके। आज भारत ने आत्मनिर्भरता को विकसित भारत के निर्माण का आधार बना दिया है।

## किम जोंग उन के साथ मेरे शानदार संबंध..., उत्तर कोरिया के तानाशाह को लेकर ट्रंप ने सुनाया एक जबरदस्त किस्सा

**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को दक्षिण कोरिया के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। उन्होंने कहा कि किम जोंग उन और मेरे बीच बहुत अच्छे संबंध हैं। अगर हिलेरी क्लिंटन चुनाव जीत जातीं, तो यह एक बड़ी आपदा होती। हमें लगता है कि हम उत्तर और दक्षिण कोरिया के संबंध में कुछ कर सकते हैं, और आप दक्षिण कोरिया के उन अन्य नेताओं की तुलना में ऐसा करने के लिए ज्यादा इच्छुक हैं जिनके साथ मैं काम कर रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा, मुझे याद है जब आप ओलंपिक कर रहे थे और उत्तर कोरिया के साथ काफी तनाव था, तब आप टिकट नहीं बेच रहे थे क्योंकि कोई भी उद्घाटन समारोह के दौरान स्टेडियम में विस्फोट नहीं चाहता था फिर मुझे उत्तर कोरिया से एक फोन आया, जिसमें कहा गया था कि वे ओलंपिक में भाग लेना चाहते हैं और वास्तव में टीमें उतारना चाहते हैं।

इसके तुरंत बाद, आपने टिकट बेचना शुरू कर दिया और यह एक जबरदस्त सफलता साबित हुई। कोरिया गणराज्य के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, मैंने 7 युद्ध रोक दिए जो भड़के हुए थे... जिनमें भारत और पाकिस्तान भी शामिल थे, जो परमाणु युद्ध बनने से शायद दो हफ्ते दूर थे। वे हर जगह हवाई जहाज मार गिरा रहे थे। मुझे इस पर बहुत गर्व है।

## नाल एयरबेस से शुरू हुई मिग-21 की विदाई वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने भरी फाइटर जेट में उड़ान

**जयपुर।** भारतीय वायुसेना के सुपरसोनिक लड़ाकू विमान मिग-21 की औपचारिक विदाई राजस्थान के नाल एयरबेस से शुरू हो गई है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मिग-21 में उड़ान भरकर इस विमान को भावुक विदाई दी।उड़ान के बाद उन्होंने कहा कि मिग-21 ने वायुसेना में छह दशकों से अधिक समय तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने 1995 में तेजपुर में पहली बार मिग-21 उड़ाने का अनुभव भी साझा किया। वायुसेना प्रमुख ने बताया कि मिग-21 के स्थान पर तेजस को लाया गया है, जो मिग-21 के डिजाइन पर आधारित है और मिराज से भी प्रेरणा ली गई है। उन्होंने तेजस को मिग-21 का उत्तराधिकारी मानते हुए कहा कि विमानों का करार हो चुका है और एक नया करार भी शीघ्र होने वाला है। बता दें कि मिग-21 की आखिरी दो स्क्वाड्रन (36 मिग-21) नाल एयरबेस पर तैनात हैं।

# दिग्विजय और कमलनाथ में फिर ठनी... 5 साल पहले गिरी भी कांग्रेस की सरकार, अब दोनों नेताओं में हो गया विवाद

**नईदिल्ली, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश में पांच वर्ष पूर्व कांग्रेस की कमल नाथ सरकार गिरने की घटना पर फिर कांग्रेसी दिग्गजों के बीच बहस गरमा गई है। दिग्विजय सिंह ने एक पॉडकास्ट में कहा कि उस समय विचारधारा का विवाद नहीं था, बल्कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की कमल नाथ लगातार उपेक्षा कर रहे थे, इस कारण सरकार गिरी थी।इस पर कमल नाथ ने इंटरनेट मीडिया पर प्रतिक्रिया देते कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया को यह भ्रम था कि सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं और इसी कारण सरकार गिरी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कमल नाथ के नेतृत्व में कांग्रेस ने सत्ता में वापसी की थी, लेकिन यह सरकार केवल 15 महीने तक ही चल पाई।



2020 में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने समर्थक विधायकों के साथ भाजपा में शामिल हुए, तब सरकार गिर गई। अब इस मुद्दे पर कांग्रेस में बहस तेज हो गई है। दिग्विजय और कमल नाथ के बयानों ने मध्य प्रदेश की राजनीति में हलचल मचा दी है।दोनों नेताओं के बीच का रिश्ता हमेशा से जटिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि कमल नाथ और दिग्विजय सिंह का 45 साल का प्रेम है, और अब हमें भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

## गाजा के अस्पताल में इजरायल ने गिराई मिसाइलें, 4 पत्रकार समेत 19 लोगों की मौत



**गाजा, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

इजरायली सेना ने सोमवार को गाजा के नासेर अस्पताल को निशाना बनाया। मिसाइल हमले में चार पत्रकारों समेत 19 लोग मारे गए हैं। मारे गए चार पत्रकारों में एक रॉयटर्स, एक एसोसिएटेड प्रेस और एक अल-जजीरा न्यूज चैनल के लिए कार्य करते थे। मृतकों में एक राहत दल का सदस्य भी है। हमले में 128 लोग घायल हुए हैं।अस्पताल में पहली मिसाइल के गिरने के कुछ देर बाद उसी स्थान पर दूसरी मिसाइल से हमला हुआ। दूसरे हमले में पहली मिसाइल के हमले के पीड़ितों की मदद को आए लोग भी मारे गए और घायल हुए। इजरायली सेना और इजरायली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने इस हमले का फिलहाल कोई कारण नहीं बताया है। गाजा में 22 महीने से जारी युद्ध में इजरायली हमलों में अभी तक 240 से ज्यादा पत्रकार मारे जा चुके हैं। नासेर अस्पताल के अतिरिक्त गाजा सिटी में इजरायली हमले में तीन लोग मारे गए हैं, मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। इनके अतिरिक्त मध्य गाजा में राहत सामग्री वितरण केंद्र के नजदीक इजरायली सैनिकों की फायरिंग में छह लोग मारे गए और 15 घायल हुए हैं। इन मृतकों के शव और घायलों को अल-अवदा अस्पताल लाया गया है। एएनआई के अनुसार गाजा में कई अन्य स्थानों पर भी इजरायली हमले हुए हैं और उनमें 34 लोग मारे गए हैं।

# बिहार में बार बालाओं ने खूब लगाए ठुमके, जमकर हुई मारपीट... शराब के नशे में झूमते नजर आए सरकारी कर्मी Viral Video



**भवानीपुर, 26 अगस्त [एजेंसी]।**

पूर्णिया के भवानीपुर नगर पंचायत क्षेत्र में बगैर अनुमति बार बालाओं को नचाने के दौरान हुए मारपीट प्रकरण में वार्ड नंबर छह के पार्षद पति अभिषेक आनंद उर्फ सिंटू की परेशानी बढ़ गई है। मामले की जांच अब उच्च पुलिस अधिकारियों ने अपने हाथ में ले ली है।धमदाहा अंचल पुलिस निरीक्षक कौशल कुमार ने घटनास्थल पर पहुंच कर प्रारंभिक जांच की। उन्होंने बताया कि वार्ड पार्षद के घर पर टेंट लगा पाया गया, लेकिन मौके से किसी पक्ष के लोग नहीं मिले। पुलिस अब इस बात की भी जांच कर रही है कि आयोजन के दौरान किन-किन लोगों ने शराब का सेवन किया था। इस मामले में कुछ लोगों की पहचान भी हो चुकी है।पुलिस निरीक्षक ने साफ कहा कि मामले से जुड़े हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। सूत्रों की मानें तो वायरल वीडियो में बार बालाओं के नाच के दौरान कई लोग शराब के नशे में झूमते नजर आए हैं। इनमें कुछ सरकारी कर्मियों की भी पहचान हुई है। अधिकारियों की सख्ती के बाद पार्षद पति अभिषेक आनंद उर्फ सिंटू सहित कई अन्य लोगों की मुश्किलें बढ़नी तय मानी जा रही हैं।सदर थाना क्षेत्र से हिला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक आइसक्रीम बेचने वाले ने एक नाबालिग बच्चे के साथ यौन शोषण की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी फरार है, जबकि पीड़ित बच्चे की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया गया है। परिजनों के अनुसार पीड़ित बच्चा पांच दिन पहले ही अपनी नानी के घर आया था।सोमवार की दोपहर करीब दो बजे वह घर के पास अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला आइसक्रीम विक्रेता वहां पहुंचा।

उसने बच्चे को आइसक्रीम खिलाने का लालच दिया और उसे बहला-फुसलाकर पास के एक सुनसान घर में ले गया, जहां उसने इस घिनौनी वारदात को अंजाम दिया। जब काफी देर तक बच्चा घर नहीं लौटा, तो उसकी नानी और अन्य परिजनों ने खोजबीन शुरू की।साथ में खेल रहे बच्चों से पूछने पर उन्होंने बताया कि आइसक्रीम बेचने वाला उसे अपने साथ ले गया है। जब परिजन बच्चों द्वारा बताई गई जगह पर पहुंचे, तो उन्होंने बच्चे को गंभीर हालत में पाया। इसके बाद, परिजनों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बच्चे को तत्काल इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।सदर थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि उन्हें फिलहाल डायल 112 की टीम या परिजनों की ओर से घटना की कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है।

## केंद्र सरकार के खिलाफ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कह दी बड़ी बात, कई मुद्दों पर साधा निशाना

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को केंद्र सरकार पर 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र के निर्णय देश को कमजोर और विभाजित कर रहे हैं। सीएम ने कहा कि विकास और राष्ट्र को मजबूत करने की बातें केवल केंद्र सरकार के भाषणों में हैं, जबकि उनके कार्य इसके विपरीत हैं।झारखंड विधानसभा परिसर के बाहर मीडिया से बात करते हुए सीएम सोरेन ने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि किस तरह के संविधान संशोधन किए जा रहे हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) का काम चल रहा है। केंद्र सरकार क्या-क्या करेगी, यह वही जानती है, लेकिन उनके फैसलों का असर स्पष्ट दिख रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये कदम देश को एकजुट करने के बजाय विभाजन की ओर ले जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि उनका मानना है कि राष्ट्र को मजबूत करना और विकास करना केवल उनके भाषणों में है।उनके काम पूरी तरह इसके विपरीत हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि केंद्र के निर्णयों का दुष्परिणाम भविष्य की पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा।देश कमजोर और विभाजित हो रहा है। भविष्य की पीढ़ियों को कितनी पीड़ा और कठिनाई सहनी पड़ेगी, यह आज साफ दिख रहा है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बिहार में चल रही वोटर अधिकार यात्रा में शामिल होने के सवाल पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों से जनता को अवगत करानाजरूरी है। हम जनता द्वारा चुने गए हैं, इसलिए जनता के बीच जाना सबसे बेहतर रास्ता है।

# सबसे ज्यादा मजबूत कंधे महिलाओं के होते हैं : कलेक्टर

## विधायक एवं कलेक्टर की उपस्थिति में नागरिकों ने लगाए सैकड़ो पौधे



**कोरिया चरचा कालरी।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अत्यंत महत्वाकांक्षी महिम एक पेड़ मां के नाम प्रारंभ किया गया था जिसके अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को एक पेड़ लगाना था पर्यावरण संरक्षण के क्रम में वूमेन फॉर ट्री अमृत 2-0 मिशन के अंतर्गत शहरी क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने ,पर्यावरण को सुरक्षित करने ,महिला भागीदारी को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।

इसके तहत नगर पालिका शिवपुर चर्चा के फिल्टर प्लांट परिसर में मुख्य अतिथि भैया लाल राजवाड़े पूर्व मंत्री एवं विधायक बैकुंठपुर विधानसभा श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर कोरिया ,अरुण जायसवाल अध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा ,राजेश सिंह उपाध्यक्ष शिवपुर चर्चा ,वशिष्ठ कुमार ओझा मुख्य नगर पालिका अधिकारी ,आलोक चक्रधारी उप अभियंता, सूची पांडे नगर पालिका के समस्त पार्षद कर्मचारी व अधिकारी, और क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण कार्यक्रम पर मुख्य अतिथि भैया लाल राजवाड़े ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम का यह जन आंदोलन पूरे देश में चल रहा है अब विशेष रूप से वृक्षारोपण की जिम्मेदारी महिलाओं को दी जा रही है जो अपने बच्चों के समान पेड़ों का पालन पोषण करते हुए उन्हें संरक्षित करेंगे ,इस कार्य में उन्हे हजारों रुपया प्रतिमाह का आर्थिक लाभ भी मिलेगा वृक्षारोपण से पर्यावरण का संरक्षण तो होगा ही साथ ही जल संरक्षण भी होगा वृक्षारोपण कार्यक्रम में की विशिष्ट अतिथि माननीय कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह कार्य विशेष रूप से हमारी महिला शक्ति को समर्पित है चर्चा को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में स्वच्छता दीदियों की अहम भूमिका है जो स्वच्छता दीदियां प्रतिदिन स्वच्छता का संदेश देती है वहीं अब पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण का भी संदेश देगी ,सबसे ज्यादा मजबूत कंधे महिलाओं के होते हैं जो सुबह से लेकर रात तक बखूबी हर काम को अंजाम देती हैं इसलिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने नारी शक्ति से जल शक्ति का संदेश दिया है एक पेड़ मां के नाम मुहिम के माध्यम से हम बेहतर स्वस्थ, स्वच्छ, जलवायु और जल की उपलब्धि दे सकें इसी क्रम में पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने कहा कि आज बहुत ही अविस्मरणीय अवसर है जब हम वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण और जल संरक्षण का संदेश लेते हुए माननीय प्रधानमंत्री जी की एक पेड़ मां के नाम की मुहिम अंतर्गत अमृत 2द्ध0 मिशन का शुभारंभ कर रहे हैं पेड़ की जड़ों के माध्यम से जल का संरक्षण होगा नगर पालिका शिवपुर चर्चा के उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा की निश्चित रूप से वृक्षारोपण मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पेड़ हमें बहुत कुछ देते हैं आज क्षेत्र के मुखिया जिन्होंने इस फिल्टर प्लांट की स्थापना की थी उस परिसर पर उनके द्वारा वृक्षारोपण का संदेश दिया जाना हम सबके लिए बहुत प्रेरणादायक है विधायक जी ने चर्चा क्षेत्र के विकास में अपना अद्वितीय योगदान दिया है

वूमेन फॉर ट्री पहल के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूह को पौधारोपण, देखभाल ,संरक्षण ,जिओ टाइमिंग और जागरूकता जैसे कार्यों में जोड़ा जाएगा यह हमें केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद करेगा अपितु स्थानीय स्तर पर आजीविका और सशक्तिकरण के अवसर भी प्रदान करेगा इसके अतिरिक्त जलवायु अनुकूल विकास को बढ़ावा देने के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम होगा इस कार्य के तहत मानदेय के रूप में ?8000 प्रति माह भुगतान किया जाएगा प्रत्येक जिओ टेक किए हुए पौधे को ?10 प्रति पौधा प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।



### प्रधानमंत्री आवास योजना को गति देने युवाओं के साथ महिलाओं का भी प्रशिक्षण शुरू

# जिले में आवास निर्माण की बागडोर जल्द संभालेंगी महिला राजमिस्त्री

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्यों को गति देने अब महिलाएं भी राजमिस्त्री के रूप में योगदान देंगी। जिले में वर्तमान में 9,441 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 3,732 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 5,709 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बड़ी संख्या में निर्माण कार्य होने के कारण राजमिस्त्रियों की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने युवाओं और महिलाओं दोनों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने की पहल शुरू की है।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा युवाओं और महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित महिलाएं बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। पहला प्रशिक्षण बैच ग्राम पंचायत बुढार में 35 युवाओं को दिया गया था। अब ग्राम पंचायत सरभोका में महिलाओं के लिए प्रशिक्षण सत्र शुरू हो गया है। प्रशिक्षण के बाद ये महिलाएं भी प्रधानमंत्री आवास निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। प्रत्येक बैच को एक माह का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक 35 युवाओं का प्रशिक्षण और एसेसमेंट पूर्ण हो चुका है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक और सहायक अभियंता को निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण स्थल का आकस्मिक निरीक्षण और प्रतिभागियों से फीडबैक लिया जा रहा है। 100 युवा और महिलाएं बनेंगे राजमिस्त्री आरसेटी के माध्यम से शुरुआती चरण में 100 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनमें से पहला बैच प्रशिक्षित होकर कार्य के लिए तैयार है। इसके बाद महिलाओं का एक बैच प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद एसेसमेंट कर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षित युवाओं की पहली टीम सोनहत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को गति देगी। वहीं, महिलाओं का बैच प्रशिक्षण पूरा कर कार्य में जुटेगा तो गांवों में आत्मनिर्भरता का सकारात्मक माहौल बनेगा और निर्माण कार्य में गति आएगी।

# आबकारी विभाग ने 14 लीटर अवैध शराब के साथ दो आरोपियों को पकड़ा, अपराध दर्ज



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला आबकारी विभाग के अधिकारी रमेश अग्रवाल की टीम ने अवैध शराब बनाने, बेचने एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध छापामार कार्यवाही की गई।

बैकुण्ठपुर जनपद के ग्राम कोदवारीडाड़ में अवैध शराब बनाकर बेचने की सूचना पर आबकारी टीम ने छापेमारी की और मौके पर श्रीमती चम्पावती पति रामपाल के घर की तलाशी में 8 लीटर अवैध शराब एवं सोमपाल पिता बसंत के घर से 6 लीटर इस तरह 14 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। दोनो आरोपियों को आबकारी एक्ट के धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, तथा आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है की प्रदेश में 5 लीटर से अधिक मात्रा में अवैध मदिरा रखने पर एक से दो वर्ष तक जेल और पच्चीस हजार से एक लाख रूपये तक दण्ड के प्रावधान है। आरोपी के दूसरी बार अवैध शराब रखने पर सजा दो से पाँच साल तक और जुर्माना पचास हजार से दो लाख रूपये तक किये जाने का प्रावधान है। वाहन में अवैध शराब रखे पाये जाने पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा वाहन को राजसात कर नीलामी किये जाने कि भी आबकारी एक्ट में प्रावधान है। उपरोक्त कार्यवाही में वृत्त प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी मुख्य आरक्षक तथा नगर सैनिक ने अवैध शराब की धरपकड़ करने में भूमिका निभाई।

## रेलवे स्टेशन पर गांजा तस्कर गिरफ्तार, मुंबई ले जाने की थी तैयारी

**रायपुर।** रायपुर रेलवे स्टेशन पर आबकारी विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के एक मामले का खुलासा किया है। टीम ने लाखों रुपये मूल्य के गांजा के साथ एक तस्कर को पकड़ा है, जो इसे मुंबई ले जाने की फिराक में था।

जानकारी के मुताबिक आरोपी ओडिशा के जोडिंगा से गांजा लेकर सड़क मार्ग से रायपुर पहुंचा था और यहां से ट्रेन के जरिए मुंबई जाने की योजना बना रहा था। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर खंभा नंबर 40 के पास उसकी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर टीम ने कार्रवाई की।

पकड़े गए युवक की पहचान मोहम्मद अशलम, निवासी बलरामपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। उसके पास मौजूद बैग की तलाशी लेने पर उसमें से 7 पैकेट में कुल 16.65 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस क्ट की धारा 20(ब) के तहत अपराध क्रमांक 134/2025 दर्ज किया गया है।

## छत्तीसगढ़ का पहला गौ मुक्तिधाम रामानुजगंज में है बना

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ का पहला गौ मुक्ति धाम नगर पालिका परिषद रामानुजगंज में बना है। यहा करीब 2 वर्षों से गौ मुक्ति धाम में अब तक 1000 से अधिक गौ वंश का विधि विधान से अंतिम संस्कार किया जा चुका है। रामानुजगंज के रिंग रोड वार्ड क्रमांक 3 में गौ मुक्तिधाम बना है जो करीब दो एकड़ में फैला है। नगर में बड़ी संख्या में पशुपालक है जिनके द्वारा गौ वंश का पालन किया जाता है। परंतु उनके सामने सबसे बड़ी समस्या तब खड़ी होती थी जब उनके गौवंश की मृत्यु हो जाती थी गौ वंश की मृत्यु होने के बाद उसके अंतिम संस्कार की बड़ी समस्या गौ पलको के सामने खड़ी हो जाती थी उन्हें फेकवा दिया जाता था या गढ़वा दिया जाता था। इसमें उन्हें 1500 से 2500 खर्च करने पड़ते थे इस बीच तात्कालिक नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर पशुपालकों की समस्या को देखते हुए नगर में गौ मुक्ति धाम का निर्माण कराया गया। सफाई दरोगा बेचू प्रजापति ने बताया कि करीब 2 वर्ष पूर्व गौ मुक्ति धाम का निर्माण कराया गया इसमें अब तक 1000 से अधिक गौ वंश का विधि विधान से अंतिम संस्कार कराया जा चुका है।

# शव वाहन और मर्चुरी का लोकार्पण किया नगर पालिका अध्यक्ष अरूण ने



**कोरिया चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने अपने कार्यकाल की अल्प अवधि में ही विकास कार्यों की लंबी फेहरिस्त खड़ी कर दी है। जनता की वर्षों पुरानी मांगों को पूरा करने के साथ-साथ अधोसंरचना विकास को नई गति दी है। पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने अपने अध्यक्ष निधि से क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अध्यक्ष निधि से लगभग 13 लाख रुपये की लागत का शव वाहन (स्वर्ग रथ) एवं 1.75 लाख रुपये की लागत की मारचुरी प्रदान की गई। इस सुविधा के नगर में उपलब्ध होने से नागरिकों को बैकुंठपुर और अन्य स्थानों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

वार्ड क्रमांक 1 - मॉडल वार्ड की ओर- नगर पालिका शिवपुर चर्चा के वार्ड क्रमांक एक में स्ट्रीट लाइट की समुचित व्यवस्था नहीं थी पालिका अध्यक्ष ने 78 लाख रुपये की लागत से स्ट्रीट लाइट योजना लागू कर पूरे वार्ड को जगमग किया गया। इसी वार्ड में

1 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से ओवरहेड टैंक और पाइपलाइन द्वारा पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था भी पूर्ण की जाएगी विकास के क्रम में वार्ड क्रमांक 1 में ही 3 करोड़ 46 लाख रुपये की लागत का सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की निविदा पूर्ण, हो चुकी है जिसका कार्य शीघ्र आरंभ होगा पालिका अध्यक्ष ने अपने कार्यकाल में अधो संरचना पर विशेष ध्यान देते हुए लगभग 3 करोड़ रुपये की लागत से सी सी रोड एवं नाली निर्माण सहित रिटर्निंग वॉल का कार्य प्रारंभ कराया जो प्रगति पर है।

पालिका क्षेत्र में विकास के क्रम में 15वें वित्त आयोग योजना के तहत 1.50 करोड़ रुपये की लागत से कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए जा रहे हैं। नागरिकों के दैनिक व मूलभूत समस्याओं के निदान के क्रम में जल आपूर्ति को व्यवस्थित करने हेतु नगर पालिका के 13 पुराने टैंकरों की मरम्मत कर एक नए टैंकर की खरीदी की गई जिससे फल का क्षेत्र के हर वार्ड में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो गई पालिका क्षेत्र में 35 लाख रुपये की लागत से अटल परिसर का निर्माण लगभग पूर्ण हो रहा है इसका अतिरिक्त चर्चा कालरी के श्रमवीर श्रमिकों को समर्पित श्रमिक चौक का निर्माण जारी है शववाहन और मारचुरी के लोकार्पण के साथ तीन नग टिपर वाहनों को हरी झंडी देकर रवाना किया गया। इन वाहनों से स्वच्छता कार्यों को और भी गति मिलेगी। गौरतलब है कि अरुण जायसवाल के कार्यकाल का एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ है, इसके बावजूद करोड़ों की योजनाओं और सुविधाओं से शिवपुर चर्चा नगर पालिका, विकास की नई पहचान बना रहा है। पालिका अध्यक्ष ने जिस तेजी के साथ विकास कार्यों को धरातल पर उतारा है वह नगर के भविष्य को नई दिशा देगा।

## अग्निवीर भर्ती 2025-26 जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर

**कोरिया।** जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी दी है कि राष्ट्रीय रोजगार सेवा छत्तीसगढ़, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुण्ठपुर द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत, थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर, द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन हेतु शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत 1.6 कि.मी. दौड़, बीम पुल-अप, 9 फीट गड्ढा कूदना सहित अन्य शारीरिक दक्षता गतिविधियों का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। अत: जिले के इच्छुक अभ्यर्थी जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हो, वे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, अभ्यर्थी संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ स्वयं कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुण्ठपुर स्थान कलेक्ट्रेट परिसर जिला पंचायत के बगल में 05 सितम्बर 2025 तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराएं, ताकि उन्हें नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ दिया जा सके।

## पं.जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना-कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु काउंसलिंग 28 को

**कोरिया।** सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिलाने के उद्देश्य से पंडित जवाहरलाल नेहरू उत्कर्ष योजना के तहत प्रवेश परीक्षा 30 मार्च 2025 को आयोजित की गई थी। इस प्राक्चयन परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को शासन के निर्णय अनुसार पालक की सहमति से प्रवेश दिलाया जाना है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास के सूचना पटल पर चयनित विद्यार्थियों की सूची का अवलोकन किया जा सकता है। चयनित विद्यार्थी 28 अगस्त को दोपहर 02:00 बजे से 04:00 बजे तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास में काउंसलिंग आयोजित की गई है। चयनित विद्यार्थी अपना मूल दस्तावेज जाति, निवास, एवं आय प्रमाण पत्र कक्षा 4थी एवं 5वीं की अंकसूची के साथ नियत तिथि को उपस्थित होना को कहा है।

## बोरवेल से बरामद हुआ शव

**रायपुर।** रायपुर के उरला थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब कुछ लोगों को एक बोरवेल में संदिग्ध अवस्था में शव दिखाई दिया। लोगों ने तुरंत इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस मौके पर एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम के साथ पहुंची। मौके पर पंचनामा की प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। यह घटना उरला के मैटल पार्क इलाके की बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आसपास के निवासियों से पूछताछ कर रही है ताकि मृतक की पहचान हो सके।

# मुख्यमंत्री साय पहुँचे छत्तीसगढ़ पैवेलियन: वर्ल्ड एक्सपो 2025 में दिखी प्रदेश की संस्कृति और समृद्धि की अद्भुत झलक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज ओसाका (जापान) में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो 2025 के भारत मंडपम के अंतर्गत स्थापित छत्तीसगढ़ पैवेलियन पहुँचे। यहाँ उन्होंने प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और आधुनिक प्रगति को दर्शाती प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि उद्घाटन दिवस पर ही छत्तीसगढ़ पैवेलियन में 22 हजार से अधिक दर्शक पहुँचे। यहाँ आने वाले लोग प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, आदिवासी लोककला, उद्योग और पर्यटन की अनूठी झलक देखकर उत्साहित हुए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ आज अपनी परंपरा और आधुनिकता के अनूठे संगम के साथ दुनिया के सामने उभर रहा है। हमारी पहचान केवल धरोहर और लोकसंस्कृति तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्योग, नवाचार और वैश्विक सहयोग की दिशा में भी हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। पवेलियन में छत्तीसगढ़ की जनजातीय कला, बुनाई, हस्तनिर्मित उत्पाद, हर्बल आइटम्स और पर्यटन स्थलों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। साथ ही, प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश अवसर और भविष्य की संभावनाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। जापान और अन्य देशों से आए आगंतुकों ने छत्तीसगढ़ के पैवेलियन की सराहना करते हुए विशेष रूप से हस्तशिल्प और बांस उत्पादों, बस्तर आर्ट और लोकसंगीत पर आधारित प्रस्तुतियों की प्रशंसा की। इससे अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच प्रदेश की एक सकारात्मक छवि बनी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने पवेलियन में मौजूद मेहमानों से आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश और साझेदारी के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को प्रदेश के साथ जुड़कर विकास की नई दिशा में कदम बढ़ाने का आमंत्रण दिया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्ल्ड एक्सपो जैसे वैश्विक मंच पर हमारी भागीदारी यह संदेश देती है कि छत्तीसगढ़ केवल भारत का ही नहीं, बल्कि वैश्विक साझेदारी का भी एक मजबूत केंद्र बन सकता है।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने विभिन्न देशों से आए निवेशकों और प्रतिनिधियों से भी चर्चा की। औद्योगिक विकास, पर्यटन संवर्द्धन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान पर केंद्रित इन मुलाकातों ने भविष्य में सहयोग के नए अवसर खोले। छत्तीसगढ़ पवेलियन की भव्यता और उसमें प्रदर्शित सामग्री ने यह संदेश दिया कि प्रदेश न केवल अतीत की सांस्कृतिक धरोहर से समृद्ध है, बल्कि आने वाले कल का भविष्य-रेडी हब भी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का यह प्रवास छत्तीसगढ़ को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# थाना खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

**रायपुर।** आरोपी के कब्जे से 35 पौवा शोले देशी मदिरा मशाला शराब किया गया जप्त। थाना खरोरा जिला-रायपुर। अप.क्र.579/25 धारा:- 34(2) आबकारी एक्ट। नाम पता आरोपी धन्नू विश्वकर्मा पिता साधूराम विश्वकर्मा उम्र 42 साल साकिन भड़हा थाना खरोरा जिला रायपुर 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई जुमला मात्रा 06 लीटर 300 मि.ली. किमती 3500। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डां. लाल उमेंद सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है। इस प्रकार है कि दिनांक 25/08/25 को जरिए मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम भड़हा का धन्नू विश्वकर्मा एक सफेद प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राम केशला से नवागांव मोड़ देवांगन आरा मील के पास खड़ा है कि जिस पर सूचना के तस्दीक हेतु थाना खरोरा पुलिस पार्टी गवाहों के साथ रवाना होकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर रेड कार्यवाही कर आरोपी धन्नू विश्वकर्मा को एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब रखे हुए पकड़ा गया। आरोपी को शराब रखने के संबंध में कागजात पेश करने नोटिस दिया गया जो कोई कागजात पेश नही करने पर आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे कुल 35 पौवा देशी मदिरा मसाला शोले जिसके प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई जुमला मात्रा 06 लीटर 300 मि.ली. किमती 3500/ को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया है।

## तीन दोस्तों ने साथ बैठकर पी शराब, फिर कुल्हाड़ी मारकर शख्स की हत्या

**दुर्ग।** जिले के अंजोरा गाँव में एक ईंट-भट्ठे पर देर रात हुए सनसनीखेज हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया।

मृतक की पहचान किसन साहू के रूप में हुई है, जो अंजोरा चौकी क्षेत्र में स्थित एक ईंट-भट्ठे पर काम करता था। पुलिस के अनुसार, शनिवार देर रात किसन साहू तीन अन्य परिचित लोगों के साथ ईंट-भट्ठे के पास बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि तीनों ने मिलकर किसन पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में किसन गंभीर रूप से घायल हो गया।

## साड़ी शॉप से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

**रायपुर।** अमृत साड़ी शॉप का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 66 हजार रुपए सहित, 2 नग चांदी का सिक्का व मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मोहिंदर पाल सिंह सुराना 57 वर्ष स्पर्श मारूति के पीछे पंडरी का रहने वाला है। प्रार्थी का सिटी सेंटर मॉल में अमृत साड़ी शॉप नाम से दुकान है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर नकदी 66 हजार रुपए सहित, 2 नग चांदी का सिक्का व मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 82500 रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई, दो दोस्तों की मौके पर मौत

**रायपुर।** जिले के गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र में बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने दो दोस्तों की जिंदगी छीन ली। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई, जिसके कारण दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, नवागांव निवासी डेमन साहू 40 वर्ष और जितेंद्र ध्रुव 40 वर्ष, जो घनिष्ठ मित्र थे, शनिवार को किसी कार्य से पास के गांव गए थे। रात करीब 9.15 बजे, जब वे बाइक से अपने गांव लौट रहे थे, नवागांव से मात्र 1 किलोमीटर दूर रायपुर-नवागांव रोड पर यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, सड़क किनारे खड़ा एक ट्रक, जो लोहे की छड़ों से लदा था, अंधेरे में बिना किसी संकेतक या रिफ्लेक्टर के खड़ा था। तेज रफ्तार बाइक पर सवार दोनों युवकों को ट्रक दिखाई नहीं दिया और उनकी बाइक ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि डेमन साहू और जितेंद्र ध्रुव के सिर पर गंभीर चोटें आईं, और उनके शरीर के कई हिस्सों में भी गहरी चोटें लगीं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गोबरा नवापारा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में पाया कि ट्रक ड्राइवर ने सड़क किनारे वाहन खड़ा करने के लिए कोई सावधानी नहीं बरती थी, जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## दो बाइक आपस में टकराई, दो की मौत

**रायपुर।** ग्राम जोता के राईस मिल के पास दो बाइक आपस में टकरा गई। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने मर्ग कायम कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जोता राईस मिल के पास कल दोपहर बाइक क्रमांक सीजी 04 पीएक्स 5120 और सीजी 04 एनएच 8077 आपस में टकरा गई। इस हादसे में दोनों बाइकों में सवार सत्यप्रकाश महिलांगे 33 वर्ष निवासी तुलसी और रामकरण वर्मा 30 वर्ष निवासी टंडवा की मौत हो गई।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष पंड्या आएंगे कुसमुंडा

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन दूसरी बार सदस्यता अभियान में पहले स्थान एसईसीएल में प्राप्त किया है। जिसको लेकर विजय जुलूस निकालने की तैयारी की जा रही है। यह विजय जुलूस कुसमुंडा में 1 सितंबर को निकाली जाएगी। जिसमें भामसं के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पंड्या शामिल होंगे। विजय जुलूस इंदिरा स्टेडियम से शुरू होकर कालोनी का भ्रमण करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। दीपका, गेवरा से रमेश गुरुद्वान, राम नारायण साहू, मदन सिंह, प्रीतम राठौर, वीरेंद्र राठौर, कुलदीप कुमार कार्यकर्ताओं को लेकर कुसमुंडा पहुंचेंगे। जबकि कोरबा क्षेत्र से रंजय सिंह, उत्तम कुलदीप, बाबूलाल चंद्रा, संजय सिंह कार्यकर्ताओं को लेकर कुसमुंडा जाएंगे। विजय जुलूस की तैयारियों को लेकर टिकेश्वर राठौर, हिरेंद्र चंद्रा, अमिया मिश्रा के साथ सभी कार्यकर्ता सक्रिय हो गए हैं। पिछले वर्ष भी विजय जुलूस बिलासपुर मुख्यालय में निकाली गई थी। इसमें भी सभी एरिया के लोग शामिल हुए थे।

## स्वदेशी अपनाने भाजपा कार्यकर्ता देंगे जोर

**कोरबा।** भाजपा के कार्यकर्ता कल से सभी मंडलों में स्वदेशी अपनाने पर जोर देंगे। कोसाबाड़ी नगर मंडल के अध्यक्ष राजेश राठौर ने बताया कि देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वदेशी अपनाने पर जोर दे रहे हैं। बाहर से सामान मंगाने के बजाय भारत में ही सामान उत्पन्न हो। पिछले दिनों प्रदेश स्तर पर मोबाइल के माध्यम से बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया है कि शक्ति केंद्रों में बैठक लेकर स्वदेशी अपनाने पर जोर दिया जाए। कल से बालको मंडल में डिलेंद्र यादव, दर्री में मनोज लहरे, बांकीमोंगरा में उदय शर्मा, सर्वमंगला नगर में मनीष मिश्रा, कोरबा में योगेश मिश्रा, करतला में रामकुमार गभेल, पाली में चंद्रशेखर पटेल व कटघोरा में अभिषेक गर्ग शक्ति केंद्रों में जाकर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देंगे।

## केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में केंटीन खोलने करेंगे प्रयास

**कोरबा।** एसईसीएल केंद्रीय कर्मशाला गेवरा में केंटीन नहीं है। कई बार जल्दी ड्यूटी आने के चक्कर में कामगार भूखे पेट ड्यूटी आ जाते हैं। उस समय उन्हें काफी परेशानी होती है। यूनियन प्रतिनिधि चाहते हैं कि केंद्रीय कर्मशाला में केंटीन खोला जाए। इस संबंध में विकास शुक्ला, एलपी चंद्रा, मुकुल कर्ष का कहना है कि केंद्रीय कर्मशाला के अंदर केंटीन खुल जाता है तो कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए जेसीसी सदस्यों को प्रयास करना होगा। इसी तरह महिलाओं के लिए केयर टेकर होना जरूरी है। महिला कर्मी अपने बच्चों को घर में छोड़कर ड्यूटी आते हैं। अगर केंद्रीय कर्मशाला में केयर टेकर खोलकर गार्ड नियुक्त किया जाए तो बच्चों को भी केयर टेकर में रखा जा सकता है। इसके लिए भी प्रयास किए जाने की जरूरत है।

## कॉपर वायर की चोरी

**कोरबा।** निशा काम्प्लेक्स स्थित एक दुकान में लगे एयर कंडीश्नर के कॉपर वायर को चोरों ने पार कर दिया। यह घटना पिछली रात हुई। अगली सुबह संचालक को इसका पता चला। सिविल लाइन पुलिस को जानकारी दी गई है।

# गेवरा माइंस से कोयला चोरी करते आठ लोग चढ़े सीआईएसएफ के हत्थे

## खनन सामाग्री के साथ मिली चार साइकिलें



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की मेगा माइंस गेवरा में कोयला चोरी का काम धीरे-धीरे मजबूत हो रहा है। ऐसे मामले लगातार सामने आ रहे हैं। सीआईएसएफ ने एंबुस लगाकर चोर गिरोह के 8 सदस्यों को दबोचने का काम आज किया। उनके कब्जे से कोयला के अलावा खनन में उपयोग सामान और चार साइकिलें जब्त हुई हैं। माना जा रहा है कि व्यापक पैमाने पर यह काम चल रहा है और इसमें कोई बड़ा गिरोह संलिप्त है।

मंगलवार की सुबह 7.20 बजे के आसपास सीआईएसएफ ने गेवरा माइंस के भटुरा एरिया भिलाईबाजार के नजदीक इस कार्रवाई को अंजाम दिया। उसके पास लगातार इस तरह की सूचनाएं आ रही थी कि इस क्षेत्र में कोयला चोरों के द्वारा गतिविधियां संचालित की जा रही है और प्रतिदिन कोयला को पार किया जा रहा है। सूचनाओं में कहा गया था कि अलग-अलग हिस्सों में लोगों का समूह कोयला चोरी करने के साथ उसे साइकिल से आसपास के क्षेत्र में परिवहन करते हुए बड़े गिरोह को खपा देता है। इस व्यवस्था से प्रबंधन को नुकसान हो रहा है। सीआईएसएफ ने सूचनाओं की पुष्टि करने के साथ संबंधित क्षेत्र में एंबुस लगाया और 8 लोगों को पकड़ लिया जो चोरी का कोयला यहां से ले जा रहे थे। इनमें भिलाईबाजार निवासी हरप्रसाद पिता पंचम 51 वर्ष, हुलेश्वर साहू पिता खेमराज 42 वर्ष, रवि यादव पिता कन्हैया यादव 37 वर्ष, पवन कुर्रे पिता छेदूराम 40 वर्ष, संजय लाल पिता छेदीलाल यादव 35 वर्ष और गंगदेई निवासी रामफल यादव पिता श्रीराम यादव 37 वर्ष, गोपाल सिंह पिता दिलहरण सिंह 25 वर्ष व घनश्याम यादव पिता दंगल राम यादव 35 वर्ष शामिल हैं। सीआईएसएफ की ओर से बताया गया कि पकड़े गए लोगों के कब्जे से सैकड़ों किलो कोयला से भरी बोरियां, दो नग खोदाई करने वाली गैती, 4 साइकिल और अन्य सामान जब्त हुए हैं। पूछताछ में संबंधित लोगों ने बताया कि वे लंबे अरसे से इस काम को करते आ रहे थे और पहली बार सीआईएसएफ के कब्जे में चढ़े हैं। उन्होंने बताया कि सामान्य रूप से घरेलू जरूरत के लिए कोयला का उपयोग किया जाता रहा है जबकि दूसरी मात्रा को दूसरे लोगों के हवाले कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में बहुत सारे लोग इस काम में लगे हुए हैं और यह सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा है। सीआईएसएफ ने इस मामले में पकड़े गए लोगों और सामान को दीपका पुलिस के हवाले किया है। अगली कार्यवाही पुलिस की ओर से की जानी है।

## अराजक तत्वों पर नकेल कसने कटघोरा पुलिस का अभियान



**कोरबा।** कटघोरा थाना परिसर में सोमवार को थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने जेल से रिहा बंदियों, गुंडा व निगरानी बदमाशों की परेड करवाई। इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी को कड़ी चेतावनी देते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि यदि वे दोबारा अपराध की राह पर लौटे तो उनके खिलाफ कठोर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाएगी।

थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने कहा कि समाज में अमन-चैन बनाए रखना पुलिस की जिम्मेदारी है और अपराधियों को भी अब यह समझना होगा कि कानून से खिलवाड़ करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बदमाशों को समझाइश दी कि अपराध छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटें और सम्मानजनक जीवन जिएं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अपराध की राह तात्कालिक लाभ दे सकती है लेकिन अंत में उसका परिणाम बर्बादी ही होता है। इसलिए सभी को अपने परिवार, बच्चों और समाज के भविष्य के बारे में सोचकर सकारात्मक दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए।

थाना में हुई इस परेड के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी बंदियों और निगरानी बदमाशों से कहा कि वे दोबारा किसी भी अवैध गतिविधि में शामिल न हों और यदि ऐसा पाया गया तो उन्हें जेल की सलाखों के पीछे भेजने में देर नहीं की जाएगी। कटघोरा पुलिस की यह कार्यवाही न केवल अपराधियों को चेतावनी देने का संदेश है, बल्कि समाज को भी यह भरोसा दिलाने का प्रयास है कि पुलिस अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सख्त और सतर्क है।

## अग्रसेन स्कूल के विद्यार्थियों को बताए गए ट्रैफिक नियम

# दूसरा चांस नहीं देती है जिंदगी : यादव



**कोरबा।** ट्रैफिक पुलिस के द्वारा यातायात जागरूकता को लेकर प्रभावी कोशिश की जा रही है और विद्यार्थियों सहित जन सामान्य को जागरूक किया जा रहा है। अग्रसेन पब्लिक स्कूल में इसी श्रृंखला में ट्रैफिक पुलिस ने कैंपेनिंग की और विद्यार्थियों को ट्रैफिक रूल्स की जानकारी देने के साथ इसके महत्व से अवगत कराया।


ट्रैफिक पुलिस के इंस्पेक्टर तेजस यादव ने इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें बताया कि मनुष्य जीवन अपने आप में एक बड़ी बात है। इसका सदुपयोग करना हम सभी की जिम्मेदारी है। सड़कों पर आवागमन के दौरान जरूर इस बात की है कि हम सभी यातायात के नियमों को समझने के साथ इनका पालन करें। जरा सी भी लापरवाही का मतलब है खुद का नुकसान करना। सभी को इसे ध्यान में रखना होगा कि जिंदगी के साथ सुरक्षा सबसे आवश्यक है क्योंकि जिंदगी आपको चांस नहीं देती है।

कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को ट्रैफिक से संबंधित विभिन्न प्रकार के सिग्नल एस और उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सड़क किस प्रकार से क्रॉस करनी चाहिए। अगर हम वाहन का उपयोग कर रहे हैं तो आपको कौन सी सावधानियां को हमेशा फॉलो करना है। इन सभी बातों का परिपालन गंभीरता से करने पर दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। यह दो पक्षों के लिए काफी लाभदायक होता है। ट्रैफिक जागरूकता अभियान में असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर, बलवीर, अरुण कुमार, महिला सेल के जॉर्जिया और जागरूकता अभियान से संबंधित कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## हड़ताल कर्मियों ने नियमितिकरण को समर्पित की मेहंदी


**कोरबा।** सामान्य तौर पर तीज त्यौहार में महिलाएं मेहंदी लगाती हैं और उसमें परंपरागत रूप से प्रतीक का इस्तेमाल करते हैं। कोरबा जिले में वर्ष 2025 के हरितालिका तीजा उत्सव पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से जुड़ी हुई महिलाओं ने हाथों में लगाई मेहंदी को नियमितीकरण और महंगाई को समर्पित किया। घंटाघर चौराहे के पास यह कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल हुए। तीजा पर हमारी मेहंदी नियति कारण के नाम। और हमारी मेहंदी महंगाई के नाम। कुछ इसी अंदाज में महिला कर्मचारी फैशन शो की स्टाइल में इस प्रदर्शन में भागीदारी करते नजर आई। पिछले कुछ दिनों से अपनी 10 मांगों को लेकर कोरबा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से संबंधित कर्मचारी हड़ताल कर रहे हैं। एक कर्मचारी ने बताया कि हमारे सभी मांगे जायज है और सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए।

## रात 10 के बाद पंडालों में कोलाहल हुआ तो जब्त होंगे डीजे



**कोरबा।** आगामी गणेश उत्सव और अन्य त्योहारों को देखते हुए कोरबा पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी कमर कस ली है।जिसमें त्योहारों के दौरान सुरक्षा, यातायात और ध्वनि प्रदूषण को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस बार गणेश उत्सव को लेकर विशेष रूप से कोलाहल अधिनियम का सख्ती से पालन करवाया जाएगा।

कोरबा नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का ने बताया कि डीजे संचालकों और गणेश उत्सव समितियों को पहले ही नियमों से अवगत करा दिया गया है और किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। रात 10 बजे के बाद डीजे और लाउडस्पीकर बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने पर डीजे उपकरणों को जब्त किया जा सकता है और संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी गणेश पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष रूट तय किए गए हैं, जिनका पालन करना अनिवार्य होगा। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार के नशे और शराब के सेवन को रोकने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय रहेंगी। पुलिस ने सभी धार्मिक और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि वे शांति और सद्भाव के साथ त्योहार मनाएं। किसी भी अप्रिय घटना या अफवाह की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने का आग्रह किया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून सभी के लिए बराबर है और नियमों का पालन करना सभी की जिम्मेदारी है। नियमों के प्रति किसी भी तरह की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



प्रथम पूज्य भगवान गणेश का पर्व बुधवार से प्रारंभ हो रहा है। बड़े हिस्से में अगले चतुर्दशी तक भगवान का जयघोष गुंजायमान होगा।

## उदया तिथि से शुरू हुआ तीजा, पूजा रात्रि को ही



**कोरबा।** भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया को हरितालिका तीजा व्रत हिंदू महिलाएं रखने के साथ रात्रि को पूजा करेंगीं। घरों के अलावा शिव मंदिरों में भी इसके लिए तैयारी की जा रही है। पर्व के लिहाज से कोरबा और आसपास के क्षेत्र के बाजार में रौनक बनी हुई है।

प्राचीन मान्यताओं के अंतर्गत अखंड सौभाग्य की कामना से महिलाएं इस व्रत को कर रहीं हैं। इसमें परंपरागत रूप से सुहाग की सामाग्री के अलावा फल-फूल अर्पित करने के साथ कथा का श्रवण किया जाएगा। पंडित दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि इस बार हरितालिका तीज पर चतुर्थी का भी संयोग बन रहा है। यह अपने आपमें विशिष्टत है। चूंकि तृतीया का उदय सही समय पर हुआ है ऐसी स्थिति में अगर मध्याह्न के बाद दूसरे दिवस की शुरुआत होती भी है तो पूजन का विधान रात्रि को ही है और यह मान्य है। उक्तानुसार व्रत पारायण अगले दिवस ही किया जाना विधि सम्मत होगा।

# रजगामार में डेढ़ करोड़ का भुगतान अटका, नए काम पर ब्रेक

## निर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ जनता परेशान



**कोरबा।** विकासखंड कोरबा की रजगामार ग्राम पंचायत का भायोग्दय कब होगा, यह स्थानी जनप्रतिनिधियों के साथ यहां की जनता के लिए सबसे बड़ा सवाल बन गया है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को संपन्न हुए 6 महीने का समय हो चुका है लेकिन अब तक इस पंचायत में नए कामकाज का अतापता नहीं है।

खबर के अनुसार काफी समय से अलग-अलग मामलों को लेकर विवाद की जो स्थिति बनी हुई है उसमें कमी आने के बजाय अब बढ़ोतरी होती जा रही है। हर स्तर पर खींचतान ने यहां की दुर्दशा कर रखी है। जानकारी मिली है कि पिछले कार्यकाल में ग्राम पंचायत के द्वारा अलग-अलग क्षेत्र में कराए गए कार्यों के एक करोड़ 56 लख रुपए का भुगतान अब तक अटका हुआ है। सत्यापन के बाद भी इस दिशा में अगली कार्यवाही नहीं हो सकी है। ऐसे में काम करने वाली एजेंसी तो परेशान है ही उन लोगों के सामने भी चुनौती बनी हुई है जिन्होंने ग्राम पंचायत को विभिन्न प्रकार के सामान उपलब्ध कराए। भुगतान की व्यवस्था न होने से बाजार में उनकी क्रेडिबिलिटी पर बुरा असर पड़ रहा है।

जानकारी मिली है कि पुराने विवाद ,नई शिकायत और अब प्रेस्टीज इश्यू के चक्कर में रजगामार पंचायत में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि ना तो पिछले भुगतान को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है और ना ही जन आवश्यकता से संबंधित नए कार्यों के प्रस्तावों को पारित किया जा सक रहा है। इस चक्कर में किसी भी प्रकार के कार्यों को गति दिया जाना सबसे जटिल हो गया है। सूचनाओं में बताया गया कि कुछ समय पहले पिछले भुगतान को समायोजित करने की बात की गई लेकिन बाद में इससे भी कन्नी काट ली गई।

सबसे बड़ी परेशानी इस पंचायत में काम करने वाले लोगों के सामने है, जो इस बात को लेकर चिंतित है कि उन्होंने धरातल पर जिन कार्यों को कराया आखिर उनका भुगतान आखिर हो भी पाएगा या नहीं। दूसरी और हाल में हुए चुनाव में जनता ने जिन प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी दी वे भी अपनी भूमिका का निर्वहन कर पाने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं। इसलिए अब सवाल उठने लगा है कि क्या जनता ने चुनाव में लोकतांत्रिक अधिकार का निर्वहन कर बड़ी गलती कर दी जिसकी सजा पंचायत को दी जा रही है?

## बायोमेट्रिक्स हाजिरी को लेकर हुई यूनियन व प्रबंधन के बीच चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा प्रोजेक्ट में 1 सितंबर से कोयला कामगारों की हाजिरी बायोमेट्रिक्स के माध्यम से लगेगा। जिसको लेकर यूनियन प्रतिनिधियों और अधिकारियों के मध्य चर्चा हुई। जिसमें कहा गया कि सुबह 8 बजे बायोमेट्रिक्स के द्वारा हाजिरी लगाया जाएगा। 15 मिनट पहले से ही हाजिरी लगाने का काम शुरू हो जाएगा जो 15 मिनट और अतिरिक्त समय तक लगेगा। जो कामगार देर में आते हैं उनका एमटीके हाजिरी लगाएगा। महीने में अगर तीन दिन देर से ड्यूटी आता है कामगार तो उनका सीएल व ईएल में कटौती की जाएगी। अगर यह दोनों नहीं होगा तो सैलेरी से पैसा काटा जाएगा। बैठक में यूनियन प्रतिनिधि शेख चांद मंसूरी, छंदराम राठौर, हर नारायण केशरवानी, संतोष मिश्रा ने और भी कई सुझाव दिए। संडे ड्यूटी को लेकर भी चर्चा की गई। जिसमें कहा गया कि संडे ड्यूटी में कटौती न किया जाए, क्योंकि पिछले दिनों प्रबंधन ने सूची निकालकर निर्देश दिया है कि सभी कामगारों को ड्यूटी के आधार पर संडे ड्यूटी मिलेगा।











स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com